# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## 'जन्नत' खून से लाल





## कश्मीर में बड़ा आतंकी हमला

*पुलवामा आतंकी हमले के बाद कश्मीर में मंगलवार को फिर एक बड़ा हमले करते हुए आतंकियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला। मृतकों में एक रायपुर के कारोबारी भी शामिल हैं। आतंकियों ने धर्म और नाम पूछ कर एक-एक कर पर्यटकों पर गोलियां दागीं। इस हमले के बाद देशभर में शोक के साथ गुस्सा है। घटना की सूचना मिलते ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कश्मीर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी विदेश प्रवास से लौट आए। कश्मीर में देर रात तक हाईलेवल मीटिंग जारी रही।*

# धर्म पूछकर दागीं गोलियां, रायपुर के कारोबारी समेत 26 की मौत

### नेवी अफसर की गई जान 3 दिन पहले हुई थी शादी

हमले में नेवी अफसर लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की जान चली गई। वे कोच्चि में तैनात थे। उनकी शादी 19 अप्रैल को हुई थी और वे हनीमून मनाने वहां गए थे। घटना के बाद पत्नी की अपने पति के शव के साथ तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

**वो खौफनाक मंजर**

### हम बस भेलपुरी खा रहे थे...

लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी ने कांपती हुई आवाज में बताया, हम बस भेलपुरी खा रहे थे... और फिर उसने मेरे पति को गोली मार दी। महिला ने कहा, बंदूकधारी ने कहा कि मेरे पति मुसलमान नहीं हैं और फिर उन्हें गोली मार दी।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे श्रीनगर, राजभवन में की हाईलेवल मीटिंग

### साल 2000 के बाद कश्मीर में बड़े आतंकी हमले...

- **21 मार्च, 2000:** 21 मार्च की रात को अनंतनाग जिले के छत्तीसिंहपोरा गांव में आतंकवादियों ने अल्पसंख्यक सिख समुदाय को निशाना बनाया था। इस हमले में 36 लोग मारे गए थे।
- **अगस्त 2000:** पहलगाम के नुनवान बेस कैंप हुए आतंकी हमले में दो दर्जन अमरनाथ तीर्थ यात्रियों सहित 32 लोग मारे गए थे।
- **जुलाई 2001:** अमरनाथ यात्रियों को फिर से निशाना बनाया गया। इस बार अनंतनाग के शेषनाग बेस कैंप पर आतंकी हमला हुआ, जिसमें 13 लोग मारे गए.
- **1 अक्टूबर, 2001:** श्रीनगर में जम्मू और कश्मीर राज्य विधानमंडल परिसर पर आत्मघाती (फिदायीन) आतंकवादी हमला हुआ. इस हमले में 36 लोग मारे गए थे।
- **2002:** कश्मीर के चंदनवारी बेस कैंप पर आतंकी हमला हुआ, जिसमें 11 अमरनाथ यात्री मारे गए थे।
- **23 नवंबर, 2002:** जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाइवे पर दक्षिण कश्मीर के लोअर मुंडा में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में 9 सुरक्षाकर्मियों, 3 महिलाओं और 2 बच्चों सहित 19 लोगों की जान चली गई.
- **23 मार्च, 2003:** आतंकवादियों ने पुलवामा जिले के नंदीमार्ग गांव में 11 महिलाओं और 2 बच्चों सहित कम से कम 24 कश्मीरी पंडितों की हत्या कर दी.
- **13 जून, 2005:** पुलवामा में एक सरकारी स्कूल के सामने भीड़भाड़ वाले बाजार में विस्फोटकों से लदी एक कार में विस्फोट होने से 2 स्कूली बच्चों और 3 सीआरपीएफ अधिकारियों सहित 13 लोग मारे गए. इस हमले में 100 से अधिक लोग घायल हुए थे।
- **12 जून, 2006:** कश्मीर के कुलगाम में 9 नेपाली और बिहारी मजदूर आतंकी हमले में मारे गए थे। उन पर आतंकियों ने टारगेट कीलिंग किया था।
- **10 जुलाई, 2017:** कश्मीर के कुलगाम में अमरनाथ यात्रा बस पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 8 लोगों की मौत हो गई थी.
- **22 अप्रैल, 2025:** पहलगाम के बैसारन घाटी में मौजूद टूरिस्टों पर आतंकी हमले में 26 से अधिक लोगों की मौत की आशंका

### पीएम मोदी ने सऊदी अरब की यात्रा से बीच में ही स्वदेश लौटने का किया फैसला

### फरवरी 2019 के बाद से कश्मीर में सबसे बड़ा आतंकी हमला

### कश्मीर के पहलगाम में 'मिनी स्विटजरलैंड' पर आतंकी हमला





एजेंसी ▶▶| पहलगाम/नई दिल्ली

हथियारबंद आतंकवादी 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहे जाने वाले घास के मैदान में घुस आए। भोजनालयों के आसपास घूम रहे, खच्चर की सवारी कर रहे, पिकनिक मना रहे पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। कश्मीर घाटी में हुए इस हमले में कम से कम 20 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि यह संभव है कि आतंकवादी समूह जम्मू के किश्तवाड़ से दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग के रास्ते बैसरन तक पहुंचा हो। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सऊदी अरब की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्थिति की जानकारी दी और बताया कि वह सभी एजेंसियों के साथ तत्काल सुरक्षा समीक्षा बैठक के लिए शाम को श्रीनगर पहुंचे हैं। अधिकारियों ने बताया कि शाह के बुधवार को पहलगाम जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने ली हमले की जिम्मेदारी

#### मौके पर पहुंची सेना और केंद्रीय बल

अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी की आवाजें आने की शुरुआती खबर मिलने के बाद सेना, सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस बैसरन पहुंची। बैसरन 1980 के दशक में फिल्म निर्माताओं का बेहद पसंदीदा स्थान था। हमलावरों की तलाश के लिए व्यापक आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू कर दिया गया है तथा सुरक्षा बल सभी दिशाओं में तैनात हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने अनंतनाग और श्रीनगर में 24 घंटे संचालित आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं।



#### कृपया मेरे पति को बचा लो

घटनास्थल से एक और वीडियो सामने आया जिसमें एक महिला रोती हुई मदद की भीख मांगती हुई दिखाई दे रही है। 'कृपया मेरे पति को बचा लो,' वह बार-बार चिल्लाती रही, उसके शब्द मुश्किल से सुनाई दे रहे थे क्योंकि उसका गला भर आया था।

- प्रधानमंत्री मोदी विदेश दौरा अधूरा छोड़कर वापस लौट रहे हैं। बुधवार को दिल्ली में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी बैठक में हिस्सा लेंगे
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी से बातचीत करके हालातों की जानकारी ली
- पहलगाम हमले के विरोध में जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने बुधवार को जम्मू बंद बुलाया है
- एनआईए की टीम बुधवार को हमले की जांच के लिए पहलगाम पहुंचेगी
- पहलगाम की घटना के बाद दिल्ली, मुंबई और देश के कई शहरों में अलर्ट जारी किया गया है।

#### बेहद परेशान करने वाली घटना : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह घटना बेहद परेशान करने वाली है। अमेरिका भारत के साथ आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने हमले में जान गंवाने वालों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

#### बेहद शर्मनाकः पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी दुख जताया। पुतिन ने कहा कि यह हमला बेहद दर्दनाक है और निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना एक अमानवीय अपराध है, जिसकी कोई भी सफाई नहीं दी जा सकती। पुतिन ने भारत के साथ आतंकवाद के खिलाफ सहयोग और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

#### आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

#### शाह ने सुरक्षा स्थिति का लिया जायजा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर में सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए मंगलवार शाम श्रीनगर पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादी हमले के मद्देनजर श्रीनगर में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

#### हिंसा का सहारा कायरतापूर्णः सोनिया

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में निर्दोष पर्यटकों पर हुए नृशंस आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि हिंसा का सहारा लेना कायरतापूर्ण कार्य है।

**परिवार सहित छुट्टियां बिताने गए थे कश्मीर**

## फायरिंग में रायपुर के कारोबारी दिनेश की भी गई जान



*हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर*

*कश्मीर के पहलगाम में आंतकियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में कारोबारी दिनेश मीरानिया को गोली लगने से मौत हो गई। उनके मौत की पुष्टि उनके रिश्तेदार एवं पूर्व पार्षद अमर बंसल ने की। दिनेश अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ चार दिन पहले घूमने के लिये कश्मीर गए थे। मंगलवार शाम पहलगाम में घूम रहे सैलानियों पर आतंकी हमला किया गया। मीरानिया परिवार समता कालोनी के गरबा मैदान के समीप रहता है और उनके रिश्तेदार भी आसपास रहते हैं। दिनेश अपनी पत्नी नेहा, पुत्र शौर्य और बेटी लक्षिता के साथ घूमने के लिये कश्मीर गये थे। मंगलवार शाम पहलगाम में जब अन्य पर्यटकों के साथ वे घूमने का मजा ले रहे थे, इसी दौरान आतंकियों ने वहां मौजूद पर्यटकों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। लगभग पांच मिनट तक हुई अंधाधुंध फायरिंग में अनेक लोग घायल हो गये, जिनमें दिनेश मीरानिया भी शामिल थे। घटना के बाद सुरक्षा बल ने वहां कड़ी घेरेबंदी की और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इस घटना के बाद दिनेश का परिवार दहशत में आ गया और गोलीबारी की जानकारी रायपुर तक पहुंचने पर यहां सनसनी फैल गई। मीरानिया परिवार से जुड़े लोग सकते में आ गये और दिनेश की सलामती की दुआ करने लगे।*

#### परिजन कश्मीर रवाना

*घटना की जानकारी होने के बाद उनके रिश्तेदार पहलगाम के लिये रवाना हो गये। इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी दिनेश की पत्नी और बच्चे दहशत में हैं। पुत्र शौर्य ने पिता को गोली लगने की पुष्टि की है।*

#### मुख्यमंत्री ने मिरानिया के निधन पर जताया शोक

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में रायपुर निवासी दिनेश मिरानिया के दु:खद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह नृशंस और अमानवीय कृत्य अत्यंत निंदनीय है। आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है, और इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में राज्य सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। संबंधित को पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।*

---

**खबर संक्षेप**

#### विदेशी मुद्रा की तस्करी दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 91 लाख रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा की तस्करी की कोशिश कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों को रविवार को उस समय रोका गया, जब वे बैंकॉक के लिए रवाना होने वाले थे। व्यक्तिगत तरीके से और सामान की जांच के दौरान वह विदेशी मुद्रा बरामद हुई ।

#### गुवाहाटी हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी हाईकोर्ट को मंगलवार सुबह एक ईमेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद परिसर में सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान शुरू कर दिया। धमकी भरा संदेश मिलते ही हमारी टीम तुरंत उच्च न्यायालय पहुंची। विशेषज्ञ परिसर के हर कोने की जांच कर रहे हैं। अब तक कुछ संदिग्ध नहीं मिला है।

## राहत वाली छुट्टी, स्कूलों में 48 घंटे बाद अवकाश, अब 16 जून से आएंगे नौनिहाल

### हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाई थी गर्मी में परेशान होते मासूमों की पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खबर का असर**

अंततः स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अवकाश की घोषणा कर दी है। अगले 48 घंटे अर्थात बुधवार और गुरुवार को शाला संचालित होने के बाद 25 अप्रैल से सभी स्कूलों में ताले लटक जाएंगे। शासकीय और निजी दोनों ही विद्यालयों को इस आदेश का पालन करना होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार, भीषण गर्मी को देखते हुए यह फैसला किया गया है। हालांकि यह आदेश शिक्षकों पर लागू नहीं होगा। उन्हें पूर्व की ही तरह निर्धारित समयावधि में अपनी सेवाएं देनी होंगी। इसके पूर्व अप्रैल की शुरुआत में गर्मी के कारण ही शाला समय में परिवर्तन किया गया था। ▶▶|शेष पेज 7 पर


हरिभूमि
घर पहुंचते 'बज रहा 12', निजी स्कूल खुद पहुंचे शासन की शरण में, कहा- बंद कर दें हमारे विद्यालय

#### अभी तपेंगे केंद्रीय विद्यालय के छात्र

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी यह आदेश केवल राज्य के स्कूलों पर ही लागू होगा। केंद्रीय संस्थान होने के कारण यहां केंद्रीय विद्यालय संगठन के आदेश ही लागू होते हैं। गत वर्षों में भी इस तरह की स्थिति निर्मित होती रही है। केवी के लिए अब तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। कलेक्टर केंद्रीय विद्यालय समिति का अध्यक्ष ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### बच्चों की तकलीफ को देखते हुए फैसला

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में गर्मी की छुट्टी घोषणा पर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बहुत जगहों से मांग आ रही थी। अभिभावकों से भी इसके लिए मांग आ रही थी। गर्मी बहुत बढ़ रही है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### दादी के साथ दोनों बहनें गई थीं नहाने, तभी हो गया बड़ा हादसा

## छोटी बहन को डूबते देख गूंगी बड़ी बहन चिल्ला नहीं पाई, बचाने के फेर में वह भी डूब गईं, दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

- राजमिस्त्री के परिवार में मातम

दादी के साथ दो बहनें नहाने के लिए तालाब गई थी। कपड़ा धोकर नहाने के बाद दादी घर लौट आई। दोनों बहने तालाब में नहा रही थी। नहाने के दौरान छोटी बहन गहराई में जाकर डूबने लगी। बड़ी बहन गूंगी होने के कारण चिल्ला नहीं पाई और बहन को बचाने के फेर में वह भी डूब गई। जिससे दोनों बहनों की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सकरी थाना के प्रधान आरक्षक चोला राम पटेल ने बताया, गिरधौना निवासी ओमप्रकाश जायसवाल राजमिस्त्री का काम करते हैं। उनकी दो बेटी चांदनी जायसवाल 13 साल जो गूंगी थी। दूसरी पार्वती जायसवाल 11 साल की थीं। 22 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे दोनों बहन अपनी दादी के साथ तालाब में नहाने गई थी। कपड़ा धोकर नहाने के बाद दादी घर आ गई। दोनों बहने कपड़ा धोते नहा रहे थे। एक घण्टे बाद भी दो बहन घर नहीं लौटीं तो उनकी दादी बच्चों को खोजते हुए तालाब गईं, तो पार में दोनों बहनों का कपड़ा रखा हुआ था। शंका होने पर उन्होंने घटना की जानकारी गांववालों की दी।

ग्रामीण तालाब में उतरकर तलाश में जुट गए। कुछ देर बाद दोनों बहनों की लाश तालाब में मिली, जिससे गांव में मातम छा गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों बहनों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।





#### दोनों बहनें तैरना नहीं जानती थीं

*पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। संभावना जताई जा रही है कि दोनों बहनें तैरना नहीं जानती थीं। नहाते समय छोटी बहन पार्वती गहराई में जाकर डूबने लगी। बड़ी बहन चांदनी गूंगी थीं और बोल नहीं पाती थीं। छोटी बहन को डूबते देख वह चिल्ला नहीं पाई और छोटी बहन को बचाने के फेर में वह भी गहराई जाकर डूब गई।*

#### एक दिन पहले में तिफरा में बच्ची की हुई थी मौत

*एक दिन पहले 21 अप्रैल को तिफरा निवासी विकास साहू की बेटी बबिता, अनोखा कुमारी खेलते हुए घर के पास बछेरा तालाब चली गई थी। नहाने के दौरान डूब गई थी। लोगों के द्वारा दोनों बहनों को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टर ने बबीता को मृत घोषित कर दिया था।*

# हमर-प्रदेश





छत्तीसगढ़ का सुशासन तिहार अब तक 40 लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं। शासन ने मांग और शिकायतों को दर्ज करने का सिलसिला किया था। अब तक 46 लाख से अधिक आवेदन आए हैं। इनमें सबसे अधिक मांग और शिकायतें संबंधित हैं। इनमें सबसे अधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित है। माना जा रहा है कि इस विभाग की आवास योजनाओं को लेकर मांगे व शिकायत हो सकती है।

# सुशासन तिहार

## 46 लाख से अधिक आवेदन, सबसे ज्यादा 24 लाख पंचायत में, सबसे कम विमानन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित हो रहा है। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में सीधे आवेदन लिए गए। लोगों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन अपने-अपने जिलों में ऑनलाइन, शिविर एवं समाधान पेटी में डाला है। जनसमान्य की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भरने के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने में किसी भी तरह की परेशानी न हो। सुशासन तिहार के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पोर्टल एवं कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी आवेदन प्राप्त किए जाने की व्यवस्था है।

### आवेदनों में मांग और शिकायतें पंचायत को लेकर थोक में आवेदन



### प्रदेश में 46 लाख से अधिक आवेदन

प्रदेश में आनलाइन माध्यम से 2 लाख 13 हजार 691 मांग व शिकायतें, शिविरों में प्राप्त आवेदन 33 लाख 51 हजार 537 और शिकायत पेटी में प्राप्त आवेदनों की संख्या 4 लाख 66 हजार 149 है। बताया गया है कि ये जितने भी आवेदन आए हैं वे कुल मिलाकर 88 बिंदुओं पर आधारित है। इनमें सभी विभागों से संबंधित मांग व आवेदन शामिल हैं।

### इन विभागों में आए सबसे कम आवेदन

आवेदनों की विभागवार संख्या देखने से साफ होता है कि जो विभाग सीधे आम जनता से जुड़े हैं उनमें मांग व शिकायतें अधिक है। जिन विभागों से जनता का सीधा संबंध कम है वहां आवेदन भी कम आए हैं। इस हिसाब से देखा जाए तो विमानन विभाग में 3, पुर्नवास विभाग में 3, संसदीय कार्य विभाग से संबंधित 11, आयाकट विभाग की 17, सांसद कार्यालय की 32, पर्यटन विभाग की 58 शिकायतें और मांगें सामने आई हैं।

### टॉप पांच विभाग जहां सबसे अधिक आवेदन

| | |
|---|---|
| पंचायत एवं ग्रामीण विकास | 24 लाख 25 हजार, 372 |
| राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग | 3 लाख 41 हजार 533 |
| खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति | 2 लाख 42 हजार 83 |
| महिला एवं बाल विकास | 1 लाख 43 हजार |
| नगरीय प्रशासन एवं विकास | 1 लाख 37 हजार 144 |

## खबर संक्षेप



### मारा गया नक्सली था तीन लाख का ईनामी

**बीजापुर।** केरपे एवं तोड़समपारा के मध्य जवानों और माओवादियों के बीच सोमवार को मुठभेड़ में मारा गया नक्सली 3 लाख रुपए का ईनामी गुण्डीपुरी आरपीसी का मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर वेल्ला वाचम था। मुठभेड़ स्थल से 1 नग 315 बोर रायफल, राउंड, पोच, विस्फोटक एवं माओवादी सामग्री बरामद हुआ है। माओवादी अम्बेली ब्लास्ट की घटना में शामिल था। डीआईजी कमलोचन कश्यप व एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि वर्ष 2025 में जिला बीजापुर अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप बीजापुर जिले में विगत 112 दिनों में 87 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये।

### युवकों ने दुकानदार व भाई पर खौलता तेल उड़ेला दिया

**भिलाई।** नशे में धुत दो युवक समोसा दुकान में पहुंचे। जहां पर समोसा खाकर उल्टे संचालक से दंबगई दिखाने लगे। जब संचालक परेशान होकर युवकों से पैसा नहीं देने की बात कर विदा कर दिया। लेकिन युवकों की दंबगई इतनी थी कि समोसा बनाने के लिए रखे खौलते तेल को संचालक और उसके भाई पर उडेंल कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर डॉयल 112 मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बैकुंठधाम में स्थित बाहुबली नामक एक समोसा की दुकान है। जिसका संचालक दीपक कुमार है। रोज की भांति मंगलवार की शाम समोसा का दुकान लगाई थी। इस दौरान दो अज्ञात युवक पहुंचे और दीपक से समोसा का डिमांड किया। समोसा देने के बाद संचालक को रुपए नहीं दिया। बल्कि उससे गाली गलौज मारपीट करने पर उतारु हो गए।

### महिला के बैंक खाते से 5 करोड़ ट्रांसफर, गिफ्तार

**भिलाई।** म्यूल खाते में करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 317(2), 317(4), 318(4), 61(2),(ए) बीएनएस के जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि वैशाली नगर थाना क्षेत्र के केनरा बैंक ब्रांच मैनेजर परमाल सिंह सिंगोदिया ने पुलिस में शिकायत की थी। उनकी शाखा में 111 खातो में साइबर फ्रॉड और अन्य ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन हुआ है। जिसमें लगभग 22 लाख 5 हजार 173 रुपए को होल्ड किया गया है। पुलिस को जानकारी मिलने पर खाता धारकों के बारे में पतासाजी में पुलिस जुट गई। थाना वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी द्वारा टीम बनाई गई। उसके बाद म्युल खाता 120032845684 के धारक एचआईजी-1 2199 हाउसिंग बोर्ड नियर गुरूद्वारा जामुल निवासी उमा शर्मा से पूछताछ की गई। महिला का एवनी ब्रेसिंग ब्यूटी पार्लर के नाम से शॉप है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि केनरा बैंक में 3 जनवरी 2025 को करंट अकांउट खुलवाया था।

### आबकारी विभाग ने तेंदुआ के बीएच ढाबा एवं बिरगांव स्थित गणेश प्रिंटिंग शॉप में मारा छापा

# शराब बोतल के नकली होलोग्राम-लेबल और ढक्कन बनाने के रैकेट का पर्दाफाश

**राजधानी रायपुर और बिरगांव क्षेत्र में शराब बोतल के नकली होलोग्राम बनाने के एक रैकेट का आबकारी विभाग ने पर्दाफाश किया है। टीम ने पहले टाटीबंध के ग्राम तेंदुआ स्थित बीएच ढाबा में छापा मारा, जहां से भारी मात्रा में शराब की बोतलों में लगने वाले लेबल, ढक्कन एवं शासकीय सुरक्षा होलोग्राम जिसका निर्माण शासकीय मुद्राणालय द्वारा किया जाता है, का नकली होलोग्राम बरामद किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

टीम ने इसके बाद ढाबा संचालक की निशानदेही पर बिरगांव स्थित लक्ष्मी कॉम्पलेक्स में संचालित गणेश प्रिंटिंग दुकान में छापा मारा और यहां से भी भारी मात्रा में नकली होलोग्राम बरामद किया। टीम ने पकड़े गए लोगों को पुलिस के हवाले कर दिया है। जिला आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से 20 अप्रैल को सूचना मिली थी कि टाटीबंध क्षेत्र में ग्राम तेंदुआ स्थित बीएच ढाबा में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी अल्ताफ खान के नेतृत्व में टीम ने बीएच ढाबा में छापा मारा। ढाबा से कपड़े के थैले मिले, जिसमें लगभग 105 ढक्कन मिले। उसमें वेलकम डिस्लटरीज प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर अंकित है। 3 ढक्कन में छत्तीसगढ़ डिस्लटरीज लिमिटेड कुम्हारी अंकित पाया गया। 165 स्पंज वायसर, लगभग 1150 ओले मसाला देशी शराब केवल छत्तीसगढ़ में विक्रय हेतु अंकित स्टीकर एवं एक प्लास्टिक के थैले में 35 होलोग्राम सीट मिले। इस तरह कुल 1460 नकली होलोग्राम बरामद किए गए। ढाबा संचालक संकटमोचन सिंह उर्फ शंकर सिंह से पूछताछ की, तो उसके द्वारा होलोग्राम से संबंधित कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया गया।





### पेन ड्राइव-मोबाइल से खुलेंगे कई राज

आबकारी टीम ने इस छापामार कार्रवाई के दौरान ढाबा और प्रिंटिंग दुकान के संचालक का मोबाइल के साथ पेन ड्राइव भी बरामद किया है। सूत्रों के अनुसार प्रिंटिंग दुकान संचालक नकली होलोग्राम बनाने का मोबाइल से ऑर्डर लेता था, जिसके बाद मार्केट में उसकी डिजाइन बनवाकर पेन ड्राइव में लाकर दुकान में नकली होलोग्राम तैयार करता था। पुलिस को आशंका है कि नकली होलोग्राम प्रदेश के दूसरे जिलों में भी बिक्री के लिए भेजा जाता था। नकली होलोग्राम के लिए कौन-कौन से शहर में भेजा गया है और इस कारोबार में कौन-कौन शामिल हैं, इस संबंध में पुलिस जांच कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि पेनड्राइव और मोबाइल से पुलिस को इस मामले में कई अहम सुराग मिल सकते हैं, जिसके आधार पर इस मामले में कई और लोगों के गिरफ्तार होने की संभावना है।

### ढाबा संचालक की निशानदेही पर प्रिंटिंग शॉप में मारा छापा

आबकारी अधिकारियों की पूछताछ पर ढाबा संचालक ने बताया कि नकली होलोग्राम उसने बिरगांव स्थित लक्ष्मी कॉम्पलेक्स में संचालित गणेश प्रिटर्स एवं प्रिंटिंग दुकान से खरीदा है। टीम ने इसके बाद प्रिंटिंग दुकान में छापा मारा। दुकान में उस समय गणेश चौरसिया नकली होलोग्राम बनाने के काम में जुटा हुआ था। टीम ने दुकान की तलाशी ली, तो वहां से देशी प्लेन शराब में प्रयुक्त होने वाला नकली होलोग्राम 371 सीट में 108 नग कुल 40 हजार 68 होलोग्राम बरामद किए। इसके साथ ही नकली होलोग्राम बनाने में प्रयुक्त पेन ड्राइव एवं मोबाइल भी बरामद किया है। इस छापामार कार्रवाई में ढाबा और प्रिंटिंग दुकान से शराब नहीं पकड़ी गई है, इसलिए आबकारी विभाग ने इस मामले को पुलिस के हवाले कर दिया है। दोनों के विरुद्ध थाने में धारा 318, 336(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### चार दिन बाद भी पता नहीं चल पाया

## साजा विधायक ईश्वर की आईडी से सुप्रीम कोर्ट पर अभद्र टिप्पणी मामले में पुलिस के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुप्रीम कोर्ट पर अभद्र टिप्पणी को लेकर साजा से भाजपा विधायक ईश्वर साहू के फेसबुक आईडी से सुप्रीम कोर्ट पर अभद्र टिप्पणी के विवादित पोस्ट का मामला पुलिस की जांच पर है। चार दिन बीत जाने के बावजूद देश की सर्वोच्च संस्था सुप्रीम कोर्ट पर अभद्र पोस्ट के मामले में अब तक पुलिस के हाथ खाली है। आखिर यह अपमानजनक टिप्पणी किस यूआरएल यूनिक फेसबुक अकाउंट से की गई थी, 90 घंटे से अधिक समय गुजर जाने के बावजूद संलिप्त व्यक्ति का पता नहीं चल पाया है। हालांकि पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले में यूएस स्थित फेसबुक के हेड क्वार्टर मेल भेजा गया है, लेकिन जानकारी वहां से नहीं आ पाई है। गौरतलब हो कि एक के बाद कई पोस्ट ईश्वर साहू की आईडी से फेसबुक पेज से किए गए हैं, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के लिए आपत्तिजनक शब्द 'कोठा' का इस्तेमाल किया है। उनके पोस्ट के बाद छत्तीसगढ़ में सियासी बवाल भी मच गया है।

यूएस स्थित फेसबुक के हेड क्वार्टर मेल भेजा गया है लेकिन नहीं मिली है जानकारी



### रिमाइंड मेल भेज रहे: एसपी

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बताया कि इस मामले पर जांच की जा रही है। फेसबुक के हेडक्वार्टर यूएस स्थिति सिटी मेनलो पार्क में मेल भेजकर यूआरएल यूनिक फेसबुक अकाउंट की जानकारी मांगी गई है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि रिमाइंड मेल और किया जा रहा है। विदेश में हेडक्वार्टर होने के चलते जानकारी कभी जल्दी में मिल जाती है तो कभी देर से प्राप्त होती है।



## पुलिस लाइन में 25 वाहन जलकर हुए खाक, आगजनी का कारण स्पष्ट नहीं

### लाखों के दोपहिया, चारपहिया जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

रूद्री स्थित पुलिस लाइन में मंगलवार दोपहर को भीषण आग लग गई। जिससे वहां खड़े जब्त दोपहिया, चारपहिया वाहन जलकर खाक हो गए। पुलिस लाइन में खड़े 25 चार पहिया तथा दो पहिया वाहन इसकी चपेट में आ गए, जिससे वाहन जलकर खाक हो गए। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं है। बताया जा रहा है कि लाखों रुपए के वाहन पुलिस लाइन में खड़े थे। आग की खबर लगते ही नये पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार पुलिस लाइन पहुंच गए थे।





### 2 किलोमीटर दूर तक से दिख रहीं थीं लपटें

पुलिस लाइन रक्षित आरक्षित केंद्र में कंडम वाहनों को रखा गया था। आग की लपटें करीब 2 किलोमीटर दूर से भी दिखाई पड़ रही थीं। तुरंत सूचना के बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को बड़ी मशक्कत से काबू में पाया गया। बताया जा रहा है कि इन वाहनों की कुछ दिनों बाद नीलामी होनी थी, उसके पहले आग लग गई।

## पर्यटन स्थल मेंदरी घूमर में मिला युवक व युवती का शव

**जगदलपुर।** जिले के मारडूम थाना क्षेत्र स्थित मेंदरी घूमर पर्यटन स्थल में युवक व युवती के शव होने की जानकारी पर्यटन समिति की टीम ने रात लगभग नौ बजे लोहंडीगुड़ा पुलिस को दी। सूचना पर लोहंडीगुड़ा एसडीओपी ईश्वर त्रिवेदी व टीआई गणेशराम यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंच शव निकलने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी प्रयास के बाद देर रात दोनों के शव को बाहर निकाला गया। आशंका जताई जा रही है कि पर्यटन स्थल में संभवतः फोटो लेने के दौरान दोनों हादसे का शिकार हो गए। पास रखे बैग के साथ लगभग सौ फीट नीचे गिर गए जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घूमर के ऊपर खड़ी बाइक क्रमांक सीजी 17 केडब्ल्यू 3407 से पता लगाने पर युवक की पहचान करपावड थाना क्षेत्र के ग्राम मंगनार निवासी टेमेंद्र देवांगन पिता भगवान देवांगन 20 वर्ष के रूप में की गई है। वहीं युवती की शिनाख्ति का प्रयास किया जा रहा है।



## सीजीपीएससी घोटाला, पूर्व चेयरमेन सोनवानी को नहीं मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

फिलहाल जेल में बंद है आरोपी अधिकारी



सीजीपीएससी घोटाला केस में फंसे पूर्व चेयरमेन टामन सिंह सोनवानी की जमानत अर्जी हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने 17 अप्रैल को सोनवानी की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। जिस पर मंगलवार को आदेश जारी किया गया। ध्यान रहे कि इस पूरे मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी, नितेश सोनवानी और पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गनवीर जेल में बंद हैं। सीजीपीएससी की 2020-2021 की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई थी। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों की सूची भी हाईकोर्ट को दी थी। जिसमें नेता, अधिकारी और रसूखदार कारोबारियों के रिश्तेदारों के चयन की बात थी। भाजपा सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी। सीबीआई के मुताबिक सोनवानी के कार्यकाल में पीएससी में हुई भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। आरोप है कि, उन्होंने अपने कई करीबी रिश्तेदारों और कांग्रेस नेताओं और अधिकारियों के 18 रिश्तेदारों की नौकरी लगवाई है। जांच में पैसों के लेन-देन के पुख्ता सबूत मिले हैं। ईओडब्ल्यू और पुलिस ने भी भ्रष्टाचार-अनियमितता के आरोप में केस दर्ज किया है।

### नक्सलियों की तेंदूपत्ता की लेवी से करोड़ों की होती थी कमाई

*ठेकेदारों से नहीं अब विभाग तेंदूपत्ता तोड़वाएगा*

## सरकार ने तेंदूपत्ता खरीदी के बदल दिए नियम, नक्सलियों की अब टूटेगी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बस्तर संभाग में तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य ठेकेदारों को दिए जाने से नक्सली लेवी के रूप में ठेकेदारों से करोड़ो की वसूली करते थे। नक्सलियों की शर्तों पर तेंदूपत्ता की तोड़ाई होती थी, ऐसा मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों के मिले दस्तावेजों से पुष्टि होती रही है। सरकार ने इस बार नीति बदलते हुए तेंदूपत्ता खरीदी विभाग के द्वारा लेवी पर ग्रहण लगना तय है।

जानकारी के अनुसार 21 वर्ष पहले विभाग तेंदूपत्ता की खरीदी वन विभाग के द्वारा किया जाता था। उसके उपरांत पालिसी बदलते हुए 2004 से समितियों की नीलामी किया जाने लगा और तेंदूपत्ता की तोड़ाई के पहले ही समितियों को ठेकेदार खरीद लेते थे। ठेकेदार को समितियों के मिल जाने के उपरांत अपने हिसाब से खरीदी करते थे, विभाग का अमला केवल मानिटरिंग करता था। ठेकेदार तेंदूपत्ता संग्राहक तेंदूपत्ता की तोड़ाई करके 50-50 की गड्डी बनाकर सूखने के लिए



खाली मैदानों रखते थे और उसके उपरांत ठेकेदार का मुंशी उसको बोरे में शिफ्ट अपने अमले के द्वारा करवाते थे। इस दौरान ठेकेदार का मुंशी जो खेल खेलता था, उससे समितियों का अमला बेखबर रहता था। ठेकेदार गड्डी में ही खेल खेलता था, ठेकेदारों की पहुँच अधिक होने के कारण ही वे मनमानी करते थे। इसके चलते संग्राहकों को नुकसान भी होता था। तेंदूपत्ता ठेकेदारों का आतंक बना हुआ था, उसका सबसे बड़ा कारण था कि उनको सभी तरह से संरक्षण मिला हुआ था।

### बड़े स्तर पर होने वाले लेनदेन के खेल पर लगेगा विराम

पुलिस और नक्सली मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों के मिले दस्तावेजों से स्पष्ट है कि नक्सली तेंदूपत्ता के ठेकेदारों से करोंड़ो की लेवी वसूलते थे। नक्सलियों को जो ठेकेदार लेवी नहीं देता था, उसकी समिति में संग्रहण हुए तेंदूपत्ता को आग के हवाले कर देते थे। ठेकेदार प्रथा प्रारंभ होने के शुरआती दौर पर कई घटनाएं होती थी, उसके बाद ऐसा मैनेजमेंट स्थापित हुआ कि कई सालों तक तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र पर आग नहीं लगी। इससे यह तय हो गया कि ठेकेदारों को पूरा संरक्षण मिलने लगा था। और ठेकेदारों ने तेंदूपत्ता का बड़े स्तर पर खेल खेलते रहे, जिस पर अब विराम लग जाएगा। विभाग के द्वारा तेंदूपत्ता के तोड़े जाने और नक्सलियों को लेवी नहीं मिलने से नक्सलियों की आर्थिक दृष्टिकोण से कमर टूटना तय है।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## इंजीनियरिंग छात्रों का दबदबा

दूसरे स्थान हरियाणा की पर हर्षिता गोयल हैं। वे सीए हैं। तीसरे स्थान पर वेल्लोर से बीटेक की पढ़ाई करने वाले पुणे, महाराष्ट्र के अर्चित रहे हैं। गुजरात की मार्गी ने समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर चौथा स्थान हासिल किया है। कंप्यूटर विज्ञान में दिल्ली से बीटेक करने वाले आकाश गर्ग को 5वां स्थान मिला है। 6वें स्थान पर रहीं उत्तरप्रदेश के सहारनपुर की कोमल ने ⏭ शेष पेज 7 पर

# यूपीएससी में प्रयागराज की शक्ति टॉपर, छग से पांच, बिलासपुर की पूर्वा को मिली 65वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली, रायपुर/ बिलासपुर

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा मुख्य सेवा परीक्षा 2024 के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। इस बार छग के पांच कैंडिडेट्स ने मेंस के बाद इंटरव्यू राउंड क्लियर करके अपनी जगह बनाई है। पिछली बार छग से चार अभ्यर्थियों का चयन हुआ था। जिन पांच कैंडिडेट्स ने सफलता हासिल की है, उनमें तीन लड़कियां और दो लड़के शामिल हैं। इसी तरह से राष्ट्रीय स्तर पर भी लड़कियों का दबदबा रहा है। छग के साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रथम स्थान पर लड़कियां ही काबिज रही हैं। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 1009 अभ्यर्थियों का चयन सिविल सर्विस के लिए हुआ है। रिजल्ट के साथ टॉपर्स के नाम और उनकी रैंक भी जारी हो गई है। यूपी के प्रयागराज की शक्ति दुबे ने ऑल इंडिया टॉप किया है। यूपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के लिए 14,627 अभ्यर्थियों का चयन हुआ था। वहीं मुख्य परीक्षा के बाद इंटरव्यू के लिए 2,845 अभ्यर्थियों ने क्वालीफाई किया था। इनमें से 1009 अभ्यर्थी फाइनल तौर पर यूपीएससी सिविल सर्विल के लिए सेलेक्ट हुए हैं। 1009 में से 725 लड़के और 284 लड़कियां रही हैं।

**छत्तीसगढ़ से इनका हुआ चयन**

| रैंक | नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 65वीं | पूर्वा अग्रवाल | बिलासपुर |
| 313वीं | अर्पण चोपड़ा | मुंगेली |
| 444वीं | मानसी जैन | जगदलपुर |
| 496वीं | केशव गर्ग | अंबिकापुर |
| 654वीं | शची जायसवाल | अंबिकापुर |

### अर्पण को पांचवे प्रयास में मिली सफलता



मुंगेली के अर्पण ने यूपीएससी 2024 के फाइनल रिजल्ट में 313वां रैंक हासिल किया है। अर्पण चोपड़ा मुंगेली नगर पालिका के कांग्रेस पार्षद विनय चोपड़ा के भाई है। फिलहाल वो दिल्ली में रहकर ⏭ शेष पेज 7 पर

*पिछली बार चार अभ्यर्थियों ने बनाई थी जगह, इस बार एक का इजाफा*

### आईआईटी के बाद सिविल सर्विस



जगदलपुर की बेटी मानसी जैन को 444वीं रैंक मिली है। शिक्षक मुकेश जैन और गृहिणी कृति जैन की बेटी मानसी जैन ने यह सफलता हासिल कर शहर, बस्तर जिला और प्रदेश को गौरवान्वित ⏭ शेष पेज 7 पर

### छत्तीसगढ़ के सभी अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा-2024 में सफलता प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ के सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी चयनित युवाओं ने न केवल अपने परिजनों, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का गौरव बढ़ाया है। यह सफलता आपकी मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास का प्रतीक है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी युवा साथी पूरी ईमानदारी एवं तन्मयता से कार्य करते हुए जनता की सेवा करेंगे और देश-प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## आईएएस बनने पूर्वा ने ली आईपीएस की ट्रेनिंग से छुट्टी



**बिलासपुर।** बिलासपुर की पूर्वा अग्रवाल ने यूपीएससी में 65 वीं रैंक हासिल की है। पिछली बार के ट्रेंड को देखें तो उन्हें आईएएस मिलना तय है। पूर्वा के मुताबिक मेहनत कीजिए, उसी से सब हासिल होगा। जल्द ही कैडर भी घोषित कर दिया जाएगा। पूर्वा के मुताबिक 75वीं रैंक तक तो आईएएस मिल जाता है, इसलिए मैं भी आश्वस्त हूं। यही मेरा लक्ष्य भी था। ध्यान रहे कि पूर्वा को 2023 यूपीएससी में 189 वीं रैंक मिली थी, जिसके बाद आईपीएस ⏭ शेष पेज 7 पर

**बड़ी कंपनी की जाब भी छोड़ी**

### गलतियों को सुधार कर मेहनत करते रहिए

पूर्वा ने बताया कि यूपीएससी के पहले प्रयास में उन्हें सफलता नहीं मिली। वे मेन्स क्लियर नहीं कर सकीं थी। इसके बाद पढ़ाई के लिए उन्होंने विशेष रणनीति बनाई और समय प्रबंधन किया। अपनी बहन और कई सीनियर्स से यूपीएससी की तैयारियों की टिप्स ली। पूर्वा ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों को दिया है। पूर्वा ने कहा कि इस परीक्षा को पास करने ⏭ शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### तंबाकू किसानों का प्रमाणपत्र अब तीन साल तक वैध



**नई दिल्ली।** तंबाकू उत्पादकों को बड़ी राहत देते हुए सरकार ने कहा कि तंबाकू किसानों का पंजीकरण प्रमाणपत्र या लाइसेंस अब एक साल के बजाय तीन साल के लिए वैध होगा। लाइसेंस अवधि को एक से तीन साल तक बढ़ाने से देश के लगभग 83,500 किसानों को आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा में मदद मिलेगी।

### कार की चपेट में आई बाइक, तीन की मौत




**सासाराम।** बिहार के रोहतास जिले में तेज रफ्तार एक कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गई। यह हादसा सोमवार देर रात रामनगर मंदिर के पास हुआ। हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग मोटरसाइकिल से एक शादी समारोह में जा रहे थे।

### बोकारो वन भूमि मामले में ईडी की छापेमारी



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने कथित बोकारो वन भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत झारखंड और बिहार में कई स्थानों पर छापे मारे। 16 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। कथित वन भूमि घोटाले में बोकारो के मौजा तेतुलिया में 103 एकड़ संरक्षित वन भूमि का धोखाधड़ी से अधिग्रहण शामिल है।

### प्रशिक्षण के दौरा विमान क्रैश, पायलट की मौत



**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले में मंगलवार की दोपहर एक निजी विमानन अकादमी का प्रशिक्षण उड़ान पर रवाना हुआ विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे एक प्रशिक्षु पायलट की मौत हो गई। विमान पहले एक पेड़ पर गिरा और एक खाली जमीन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### बीड़ी देने से मना करने पर कर दी हत्या



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पुल प्रहलादपुर इलाके में दो लोगों को बीड़ी देने से इंकार करने पर युवक की चाकू घोंपकर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। इस घटना में युवक का बड़ा भाई और उसका दोस्त घायल हो गए। एक पार्क में सोहेब ने स्थानीय निवासी मुन्ना और सनी को बीड़ी देने से इनकार कर दिया।

### गृह मंत्रालय भारत सरकार ने किया नक्सल प्रभावित राज्यों व जिलों का वर्गीकरण

# नक्सलवाद पर बनी सूची, 28 जिले मुक्त, 6 अति प्रभावित

# इनमें बीजापुर, सुकमा, कांकेर और नारायणपुर शामिल

राजेश दास ⏭ जगदलपुर

*केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के खात्में के ऐलान के बाद गृह मंत्रालय भारत सरकार ने देश के नक्सल प्रभावित राज्यों व जिलों का वर्गीकरण किया है। एक समय था जब देश के 8 राज्यों के 90 जिले नक्सल प्रभावित जिले में शामिल थे। वर्तमान में फोर्स की लगातार प्रभावी कार्रवाई से प्रदेश ही नहीं, वरन देश से भी नक्सल प्रभावित 90 जिले की सख्या में लगातार कमी हुई है। गृह मंत्रालय भारत सरकार ने नक्सल प्रभावित राज्यों व जिलों का वर्गीकरण किया है।*

भारत सरकार द्वारा किए गए वर्गीकृत सूची के मुताबिक वर्तमान में तीन राज्यों के 18 जिले नक्सल प्रभावित व बिहार व पश्चिम बंगाल समेत 8 राज्यों के 28 जिलो को पूर्व में नक्सल ग्रसित जिलों में शामिल किया गया है। इस तरह कुल 46 जिले को इस सूची में शामिल किया गया है। वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सल बाड़ी गांव से सीपीआई नेता कानू सान्याल व चारू मजूमदार ने सता के खिलाफ सशस्त्र आंदोलन की शुरूआत की थी। चारू मजूमदार चीन के कम्यूनिस्ट नेता माओत्से तुंग के बड़े प्रशंसक थे, इसी के चलते नक्सलवाद को माओवाद भी कहा जाता है, लेकिन जहां से नक्सलवाद का जन्म हुआ था, वर्तमान में वहां से पूरी तरह नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है, केवल एक जिला झारग्राम को पूर्व नक्सल ग्रसित जिले में शामिल किया गया है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसी वर्ष 2025 में जारी गोपनीय सूची में नक्सल प्रभावित राज्यों व जिलों का वर्गीकरण चार वर्गों में किया गया है। इनमें ⏭ शेष पेज 7 पर

खास खबर




### चार राज्यों के 6 जिलों पर नजर

गृह मंत्रालय द्वारा जारी तीसरे वर्ग की सूची में चार राज्य के 6 जिले को शामिल किया गया है। इसमें आधंप्रदेश का अल्लूरी सीतारामराजू जिले के अलावा ⏭ शेष पेज 7 पर




### सूची में 46 जिले शामिल

केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा हाल ही में देश के नक्सल प्रभावित राज्यों व जिलों की सूची जारी की गई है। कई जिले मुक्त हो गए हैं। जल्द ही देश के इन राज्यों व जिलों से नक्सलियों का खात्मा कर नक्सलमुक्त किए जाने राज्यों की फोर्स व केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों का प्रयास जारी है।

**- सुंदरराज पी,** आईजी, बस्तर

### 28 जिले नक्सल मुक्त घोषित

देश के सात राज्य के 28 जिले को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक तरह से नक्सल मुक्त घोषित किया गया है। इन 28 जिले को नक्सल मुक्त घोषित करने की वजह नक्सल गतिविधियों एवं घटनाएं परिलक्षित होने एवं विगत कुछ समय से नक्सल गतिविधियों व घटनाओं में उल्लेखनीय कमी होने को बताया जा रहा है। इन 28 जिलों को चौथे वर्ग पूर्व में नक्सल ग्रसित तथा वर्तमान में नक्सल गतिविधियों को ध्यान देने वाले सूची में गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चिन्हांकित किया गया है। सूची में बिहार व छग का 6 जिला औरंगाबाद, गया, जमूई, लखीसराई, मुन्गेर व नावाड़ा, छग का बस्तर, धमतरी, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कोण्डागांव व राजनांदगांव जिले को शामिल किया गया है। इसमें झारखण्ड के 7 जिले बोकारो, छतरा, गढ़वा, गिरीडीह, खुन्ती, लोहारदागा तथा सरईकेला-खरसवन शामिल है। मध्यप्रदेश के 2 जिले डिंडोरी व मण्डला, महाराष्ट्र का गोंदिया, ओडिशा का बौध, बोलांगिर, कोरापुट, नवरंगपुर व रायगढ़ा तथा पश्चिम बंगाल का एक मात्र जिला झारग्राम समेत 28 जिले को शामिल किया गया है।

## साय आज जाएंगे मुंबई, निवेश की संभावनाएं करेंगे तलाश पीएम के सामने प्रजेंटेशन भी

**मुख्यमंत्री आज से दो दिवसीय मुंबई प्रवास पर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 23 और 24 अप्रैल को मुंबई में आयोजित वस्त्र एवं इस्पात उद्योग के दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजनों में शामिल होंगे।



मुख्यमंत्री इन अवसरों पर राज्य की नई औद्योगिक नीति, निवेश की संभावनाएं और अधोसंरचना विकास के विजन को देशभर के उद्योगपतियों एवं नीति निर्माताओं के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। यह आयोजन मुंबई के गोरेगांव स्थित बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर में होंगे। मुख्यमंत्री 23 अप्रैल को क्लोथिंग ⏭ शेष पेज 7 पर

### पेवेलियन में झलकेगा नया छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ स्टेट पवेलियन का भी भ्रमण करेंगे, जहां राज्य की औद्योगिक अधोसंरचना, नीतिगत प्रोत्साहन, और निवेश के बहुआयामी अवसरों की जानकारी मिलेगी। यह पेवेलियन निवेशकों को छत्तीसगढ़ की ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ⏭ शेष पेज 7 पर

### मोदी की उपस्थिति में होगा छत्तीसगढ़ का प्रस्तुतिकरण

मुख्यमंत्री 24 अप्रैल को इंडिया स्टील 2025 के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति के तहत इस्पात उद्योग के लिए विकसित अधोसंरचना, नवाचार, और दीर्घकालिक योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे। ⏭ शेष पेज 7 पर

**आलोचना के बीच फिर उपराष्ट्रपति ने दिया बड़ा बयान**

## धनखड़ ने फिर कहा- संसद ही सुप्रीम, उससे ऊपर कुछ भी नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि संवैधानिक प्राधिकारी द्वारा बोला गया प्रत्येक शब्द सर्वोच्च राष्ट्रहित से प्रेरित होता है। उन्होंने हाल में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लेकर की गई अपनी टिप्पणी पर सवाल उठाने वाले आलोचकों पर निशाना साधा। धनखड़ ने यह भी कहा कि देश के खिलाफ काम करने वाली ताकतों द्वारा संस्थाओं की आलोचना करने तथा उन्हें बर्बाद करने के प्रयासों को खत्म किया जाना चाहिए। संसद को सर्वोच्च बताते हुए धनखड़ ने कहा, संविधान में संसद से ऊपर किसी प्राधिकार की कल्पना नहीं की गई है। संसद सर्वोच्च है, मैं आपको बता दूं कि यह उतना ही सर्वोच्च है जितना कि देश का प्रत्येक व्यक्ति।

### विपक्ष ने कहा- संसद और कार्यपालिका नहीं संविधान सर्वोच्च

विपक्षी नेताओं ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के न्यायपालिका संबंधी ताजा बयान को लेकर मंगलवार को उनकी आलोचना की और कहा कि देश में संसद एवं कार्यपालिका नहीं, बल्कि संविधान सर्वोच्च है। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ भी कहा है वह देश के संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है और राष्ट्रीय हित से प्रेरित है। वरिष्ठ अधिवक्ता का कहना है कि कानून के हिसाब से न संसद न कार्यपालिका सर्वोच्च है, बल्कि संविधान सर्वोच्च है तथा संविधान के प्रावधानों की व्याख्या उच्चतम न्यायालय द्वारा की जाती है। एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि अगर गलत कानून बनाया गया और संवैधानिक अनुच्छेदों का दुरुपयोग किया गया तो न्यायपालिका हस्तक्षेप करेगी।

### सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बोले- संविधान से ऊपर कोई नहीं

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज कुरियन जोसेफ ने कहा, संविधान से ऊपर कोई नहीं है। मैं भारत के उपराष्ट्रपति धनखड़ से सहमत नहीं हो सकता। मैं हैरान हूं कि वे स्वयं एक वरिष्ठ अधिवक्ता रहे हैं, जो सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करते रहे हैं। ऐसे में संविधान को लेकर इस तरह के विचार या अभिव्यक्तियां कैसे दी जा सकती हैं? यह कोई 'सुपर संसद' नहीं है, बल्कि वास्तव में संसद ही है। अगर आप सुप्रीम कोर्ट का निर्णय पढ़ें, तो खुद संसद ने ही एमओपी 'मेंबर एंड प्रोसीजर' जारी किया है।

## बहन और बेटे के नाम प्रॉपर्टी खरीदने से नाराज थी पूर्व डीजीपी की पत्नी

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की हत्या के पीछे क्या जमीन विवाद एक प्रमुख वजह है? बेंगलुरु पुलिस इस एंगल से भी मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक 2015 में कर्नाटक के शीर्ष पुलिस अधिकारी रहे ओम प्रकाश की नृशंस हत्या का कारण संभवतः पारिवारिक विवाद था। उनकी सुरक्षा में तैनात एक अन्य पुलिस अधिकारी ने दावा किया कि सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी और उनकी पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता था और पिछले कुछ दिनों में विवाद बढ़ गया था।

### जमीन विवाद हत्या की बनी प्रमुख वजह



### सेंट्रल क्राइम ब्रांच को सौंपी गई जांच

इस बीच, मामले को आगे की जांच के लिए बेंगलुरु की सेंट्रल क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया गया है। जांच अधिकारी ने अपने पति की हत्या की आरोपी पल्लवी ओम प्रकाश (64) को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

### अपराध के मकसद की जांच : गृहमंत्री

कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की हत्या के मकसद और अन्य विवरणों की जांच कर रही है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि पुलिस ने हत्या के सिलसिले में उनकी पत्नी पल्लवी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है।

**सरकार ने बदला फैसला**

## महाराष्ट्र में अब अनिवार्य नहीं होगी हिंदी भाषा

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र में स्कूली पढ़ाई के लिए अब हिंदी अनिवार्य भाषा नहीं होगी। राज्य सरकार ने हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाने का निर्णय वापस ले लिया है। शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने कहा कि मराठी अनिवार्य होगी, अंग्रेजी दूसरी भाषा और तीसरी भाषा ऑप्शनल यानी वैकल्पिक होगी। इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा था कि स्टूडेंट्स तीसरी भाषा अपने मन से चुन सकेंगे। हिंदी अनिवार्य नहीं होगी।




### महाराष्ट्र में नए मॉडल लागू करने की तैयारी

महाराष्ट्र में एनईपी का रिकमेंड किया गया 5+3+3+4 मॉडल फेज-वाइज पहले की गई घोषणा के मुताबिक ही लागू किया जाएगा। इस नए स्ट्रक्चर के पहले फेज को नए एकेडमिक ईयर यानी 2025-26 से पहली क्लास के लिए लागू किया जाएगा।

**भारतीय क्रिकेट को मिला एक और गौरव और उपलब्धि**

## बुमराह और मंधाना बने 'विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट को एक और गर्व का क्षण मिला है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को विजडन क्रिकेटर्स अल्मनैक 2025 में साल के बेहतरीन खिलाड़ियों में शुमार किया गया है। वहीं वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन को टी-20 क्रिकेट का लीडिंग प्लेयर घोषित किया गया है। 'विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड की शुरुआत 1889 में हुई थी और यह क्रिकेट का सबसे पुराना व्यक्तिगत सम्मान माना जाता है।

### बुमराह का क्रिकेट में नया कीर्तिमान

जसप्रीत बुमराह को विजडन के संपादक लॉरेंस बूथ ने "स्टार ऑफ द ईयर" करार दिया। उन्होंने बताया कि बुमराह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसे पहले गेंदबाज बने हैं जिन्होंने 20 से कम औसत से 200 विकेट चटकाए। बुमराह अब तक 45 टेस्ट में 204 विकेट ले चुके हैं। बुमराह का प्रदर्शन टी-20 वर्ल्ड कप और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी निर्णायक रहा। खासतौर पर ट्रॉफी में उन्होंने 13.06 की औसत से 32 विकेट लिए।

### पूरन टी-20 के बेस्ट खिलाड़ी



**निकोलस पूरनः टी-20 के सबसे चमकते सितारे**

वेस्टइंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन को साल 2024 का लीडिंग टी-20 प्लेयर घोषित किया गया है। पूरन ने 21 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 464 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 142 का रहा। इस समय पूरन आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलते हुए शानदार फॉर्म में हैं और अब तक 368 रन बना चुके हैं।

### स्मृति मंधानाः महिला क्रिकेट की सुपरस्टार

वर्ष 2024 का साल स्मृति मंधाना के नाम रहा। उन्होंने सभी फॉर्मेट मिलाकर 1659 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए जो कि किसी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान उन्होंने वनडे में 4 शतक और एक टेस्ट शतक (149 बनाम दक्षिण अफ्रीका) भी जड़ा। विजडन ने उन्हें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का खिताब देकर इस उपलब्धि की सराहना की है।



# स्पेस में सुनीता विलियम्स जिससे थीं सबसे ज्यादा परेशान, उसका निकल गया समाधान

वॉशिंगटन। हाल ही में 9 महीने बाद धरती पर लौटीं भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने भी स्वीकार किया कि स्पेस में सबसे ज्यादा याद किया ताज़ा और स्वादिष्ट खाना। लेकिन, अब वैज्ञानिकों की नई खोज से ये मुश्किल भी दूर हो सकती है। यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने एक ऐसी तकनीक पर काम शुरू किया है, जिससे खाना लैब में उगाया जाएगा और स्पेस में ही तैयार किया जा सकेगा।

## अब स्पेस में मिलेगा ताजा खाना



### क्यों जरूरी है स्पेस में खाना?

फिलहाल एक अंतरिक्ष यात्री को रोजाना खाना पहुंचाने में करीब 20,000 पाउंड (लगभग 20 लाख रुपए) का खर्च आता है। और जब नासा और अन्य एजेंसियां चंद्रमा और मंगल जैसे ग्रहों पर इंसानों को लंबे समय के लिए भेजने की तैयारी कर रही हैं, तो वहां हर दिन रॉकेट से खाना भेजना मुमकिन नहीं होगा। ऐसे में ये तकनीक ना केवल खर्च घटाएगी, बल्कि स्पेस में एक आत्मनिर्भर जीवनशैली की ओर भी पहला कदम होगी।



### क्या है लैब-ग्रोन फूड?

लैब-ग्रोन फूड यानी ऐसा खाना जो टेस्ट ट्यूब और मशीनों में तैयार होता है। इसमें प्रोटीन, फैट, कार्बोहाइड्रेट्स जैसे तत्वों को जैविक तकनीकों से बनाया जाता है और बाद में इन्हें स्वादिष्ट डिश में बदला जाता है। यह तकनीक धरती पर भी इस्तेमाल हो रही है जैसे अमेरिका और सिंगापुर में लैब-ग्रोन चिकन बिक रहा है और यूके में लैब-ग्रोन स्टेक को मंजूरी मिलने वाली है।

### अंतरिक्ष में कैसा होगा ये खाना?

फ्रंटियर स्पेस नाम की कंपनी के सीईओ डॉ. अकील शम्सुल और इम्पीरियल कॉलेज लंदन के वैज्ञानिकों ने एक छोटा बायोरिएक्टर स्पेस में भेजा है जिसमें खास तरह का यीस्ट (खमीर) है। ये बायोरिएक्टर स्पेसएक्स की फाल्कन 9 रॉकेट से भेजा गया है और कुछ घंटे पृथ्वी की कक्षा में घूमने के बाद वापस लाया जाएगा। इसके डेटा से बड़े बायोरिएक्टर की तैयारी होगी, जिसे अगले साल अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।

## रोचक खबरें




### हवाई जहाज से कॉलेज जाती है लड़की, सुबह 5 बजे उठकर पकड़ती है फ्लाइट, हर दिन का खर्चा है 20 हजार रुपए !

**टोक्यो।** स्कूल या कॉलेज जाने के लिए सभी स्टूडेंट्स अपनी दूरी और परिस्थिति के हिसाब से वाहन का चयन करते हैं कि वो वहां कैसे पहुंचेंगे। कुछ लोग अपने साधन से कॉलेज जाते हैं तो कुछ लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर भरोसा करते हैं। कई लोग कार, कैब या ऑटो भी इस्तेमाल करते हैं, लेकिन शायद ही कोई इतना रईस होगा कि वो हवाई जहाज से उड़कर रोज़ाना कॉलेज अटेंड करने जाता हो। एक लड़की ने ये बताकर लोगों को हैरान कर दिया है कि वो कॉलेज जाने के लिए नियमित तौर पर हवाई जहाज पकड़ती है। इसमें उसका खर्च रोज़ाना 20 हज़ार रुपए का होता है। आमतौर पर छात्र मेट्रो, ट्रेन या फिर कैब जैसे सस्ते साधनों का इस्तेमाल करके स्कूल-कॉलेज पहुंचते हैं। हालांकि ,जापान की रहने वाली एक लड़की ने ये बताकर लोगों को हैरान कर दिया कि वो कॉलेज जाने के लिए नियमित तौर पर हवाई जहाज पकड़ती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 22 साल की युज़ुकी नाकाशिमा नाम की एक लड़की रोज़ाना फ्लाइट लेकर कॉलेज जाती है। वो खुद टोक्यो में रहती है और उसकी यूनिवर्सिटी वहां से करीब 1000 किलोमीटर दूर फुकुओका में है। युज़ुकी इतनी दूरी के बाद भी अपनी एक भी क्लास नहीं छोड़ती है और रोज़ाना चार घंटे फ्लाइट में बिताकर अप-डाउन करती है।

### प्रेमिका के साथ कमरे में था पति, पत्नी ने वीडियो बनाकर इंटरनेट पर कर दिया वायरल

**बीजिंग।** चीन से पति, पत्नी और 'वो'का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसके बारे में जानकर हर कोई दंग रह गया है। गुआंग्शी की रहने वाली ली नाम की एक महिला को शक था कि उसका पति पीठ पीछे उसे धोखा दे रहा है। इसलिए, उसने चुपके से किराए वाले फ्लैट में एक हिडन कैमरा फिट करवा दिया। चौंकाने वाली बात ये है कि जब पति अपनी प्रेमिका के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया, तो महिला ने फुटेज को ऑनलाइन वायरल कर दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार, हिडन कैमरे में महिला के पति और



उसकी मालकिन वांग के कई अंतरंग पल रिकॉर्ड हो गए। यह देखकर ली अपना आपा खो बैठीं और सारे फुटेज सोशल मीडिया पर शेयर कर उन्हें वायरल कर दिया। हालांकि, फुटेज वायरल होते ही वांग को चुपके से की गई निगरानी का पता चल गया और फिर मामला कोर्ट पहुंच गया। वांग ने महिला पर प्राइवेसी का हनन, उनकी छवि खराब करने और भावनात्मक रूप से नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए केस ठोक दिया। इसके साथ ही सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और मुआवजे की मांग की।. वहीं, ली का कहना था कि वह अपनी शादी को बचाने और अपने बच्चों के भविष्य कीं चिंता के मद्देनजर यह कदम उठाने के लिए मजबूर हुई थी। हालांकि, कोर्ट ने ली को दोषी ठहराते हुए माना कि उन्होंने वांग की निजता का उल्लंघन किया है। चूंकि, वांग खुद भी एक अवैध रिश्ते में शामिल थी, इसलिए कोर्ट ने सामाजिक और नैतिक मूल्यों का हवाला देते हुए ली को केवल फुटेज हटाने का आदेश सुनाया।

### राजस्थान की अनोखी परंपरा! यहां जिंदा व्यक्ति की निकाली जाती है शवयात्रा, 427 वर्षों से निभाते आ रहे हैं लोग

**भीलवाड़ा।** राजस्थान के भीलवाड़ा की एक ऐसी अनोखी परंपरा है, जिसका पिछले सवा 400 सालों से निर्वहन किया जा रहा है। इस परंपरा के तहत जीवित व्यक्ति को अर्थी पर लेटाया जाता है और फिर गाजे-बाजे के साथ रंग-गुलाल उडाते हुए पूरे शहर में उसकी शव यात्रा निकाली जाती है। उसके बाद एक निश्चित स्थान पर उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया जाता है। मगर इससे पहले अर्थी पर लेटा युवक किसी तरह अर्थी से कूदकर भाग जाता है। वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में शीतला



सप्तमी पर पिछले 427 सालों से यह परपंरा इला जी का डोलका यानी कि जिंदा मुर्दे की शवयात्रा की परंपरा निभाई जा रही है। होली के 7 दिन बाद यह सवारी निकाली जाती है। जिसकी शुरुआत शहर के चित्तौड़ वालों की हवेली से होती है। जहां पर एक युवक को अर्थी पर लेटा दिया जाता है और फिर ढोल-नंगाडों के साथ शव यात्रा शुरू होती है। शवयात्रा में अर्थी पर लेटा व्यक्ति कभी बैठ जाता है तो कभी उसका एक हाथ बाहर निकलता है। इस शवयात्रा में शामिल होने के लिए भीलवाड़ा एवं आस-पास के जिलों से भी लोग आते हैं और जमकर रंग-गुलाल उडाते हुए आगे बढ़ते जाते हैं। इस दौरान यहां पर जमकर फब्तियों का प्रयोग किया जाता है। जिसके कारण इस सवारी में महिलाओं का प्रवेश वर्जित रखा जाता है। यह सवारी रेलवे स्टेशन चौराहा, गोल प्यापऊ चौराहा, भीमगंज थाना होते हुए बड़ा मंदिर पहुंचती है। यहां पहुंचने पर अर्थी पर लेटा युवक नीचे कूदकर भाग जाता है और प्रतीक के तौर पर अर्थी का बड़ा मंदिर के पीछे दाह संस्कार कर दिया जाता है।

# गर्मी बढ़ने पर भी पहाड़ों पर चढ़ते समय ठंड क्यों बढ़ती है? जानें इसके पीछे का साइंस

वेलिंगटन। अगर गर्मी बढ़ती है, तो पहाड़ों पर चढ़ते समय ठंड क्यों बढ़ती है? ऐसा आखिर क्यों होता है। दरअसल, जब हवा गर्म होती है, तो यह ऊपर उठती है। इसकी मदद से ही ग्लाइडर ऊपर की ओर उड़ सकते हैं और दक्षिण अमेरिकी कॉंडोर जैसे बड़े शिकारी पक्षी घंटों तक इसकी मदद से हवा में रह पाते हैं। लेकिन, हवा के तापमान को प्रभावित करने वाली कई अन्य चीजें भी हैं। जब हवा ऊपर उठती है, तो यह फैलती है क्योंकि ऊंचाई के साथ हवा का दबाव कम होता जाता है। हवा में मौजूद ऊर्जा अधिक मात्रा में फैल जाती है और इसका तापमान कम हो जाता है।

### पृथ्वी का ग्रीनहाउस

पृथ्वी ज्यादातर ऊर्जा को ऊष्मा या अवरक्त विकिरण (दृश्य प्रकाश से



अधिक लंबी लेकिन सूक्ष्म तरंगों से कम तरंगदैर्ध्य के साथ) के रूप में अंतरिक्ष में वापस भेजती है, और हवा में बहुत सारी गैस हैं जो इस तरह के विकिरण को अवशोषित करने में अच्छी हैं, भले ही वे सूर्य की ऊर्जा को महसूस न करें। इन्हें हम ग्रीनहाउस गैस कहते हैं - जल वाष्प, कार्बन डाईऑक्साइड, मीथेन और इसी तरह की अन्य गैसें। चूंकि ये हवा में हैं, इसलिए अवरक्त ऊर्जा का अवशोषण हवा को गर्म करने का मुख्य तरीका है।

## पृथ्वी के पास की गर्म हवा होती है उछालदार

फिर से, जमीन के पास की हवा ऊर्जा के इस अवशोषण से सबसे अधिक गर्म होती है। पृथ्वी के पास की गर्म हवा उछालदार होती है, इसलिए यह अक्सर वायुमंडल में 'उबलती' है, ठीक वैसे ही जैसे चूल्हे पर रखे बर्तन में पानी। लेकिन वायुमंडल में, ऊंचाई के साथ दबाव में कमी यह तय करती है कि जैसे-जैसे आप ऊपर जाते हैं, तापमान कम होता जाता है। जब हमारे पास हवा में जल वाष्प होती है, तो यह एक अलग कहानी होती है।





### ऊंची चोटियों के पास बहुत कम होती है हवा

गर्म हवा अब भी पहाड़ की चोटी से ऊपर उठ सकती है, लेकिन यह समुद्र तल पर हवा की तुलना में शुरू में ठंडी होगी, क्योंकि यह कम दबाव पर है। माउंट एवरेस्ट जैसे बहुत ऊंचे पहाड़ों पर चढ़ने वाले पर्वतारोही आमतौर पर अपने साथ ऑक्सीजन सिलेंडर ले जाते हैं, क्योंकि ऐसी ऊंची चोटियों के पास हवा बहुत कम होती है। यही कारण है कि पहाड़ों की चोटियों पर बर्फ जमी रहती है और साल भर ठंड रहती है।



### बादल, बारिश और बिजली

बादल और बारिश इसलिए होते हैं क्योंकि ऊंचाई के साथ तापमान कम होता है। इस तरह से बनने वाले बादल, ऊष्मीय रूप से ऊपर उठने वाली हवा के माध्यम से, 'क्यूमलस' बादल के रूप में जाने जाते हैं। 'क्यूमलस' में बादल फूलगोभी की तरह दिखते हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि ऊपर उठने वाली हवा के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग मात्रा में जल वाष्प होती है। इसलिए अलग-अलग मात्रा में ऊर्जा निकलती है, जिससे हवा अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग बहती है।

**कम दबाव के कारण गिरता है तापमान** : सबसे नम, सबसे अधिक उछाल वाली हवा सबसे ऊपर उठती है, जबकि सूखी और कम उछाल वाली हवा इतनी ऊपर नहीं जा पाती। अगर बहुत अधिक नमी है, तो गरज और बिजली के साथ-साथ बहुत अधिक बारिश हो सकती है। सिर्फ बारिश ही नहीं, बल्कि अक्सर ओले भी पड़ते हैं।

# इसरो ने स्पेस में फिर मचाई धूम, चीन-अमेरिका भी रह गए हक्के-बक्के; ऐसा करने वाला बना चौथा देश

वॉशिंगटन। भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और लंबी छलांग लगाई है। इसी के साथ भारत एक खास क्लब में भी शामिल हो गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने सोमवार को इतिहास रचते हुए अंतरिक्ष क्षेत्र में नई उपल्बधि हासिल की। दरअसल, इसरो ने 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' (स्पेडेक्स) मिशन के तहत दूसरी बार दो उपग्रहों की 'डॉकिंग'सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने दी।



### भारत बना चौथा देश

अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' रिलेटेड एक्सपेरिमेंट्स करने वाला चौथा देश है। 'स्पेडेक्स'में महारत हासिल करना भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं-जैसे चंद्रमा पर मानवयुक्त मिशन भेजने, वहां से रिसर्च के लिए नमूने लाने और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण एवं संचालन करने के लिए जरूरी है।

### विज्ञान मंत्री ने दी ये जानकारी

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स'पर एक पोस्ट में कहा, 'इसरो स्पेडेक्स अपडेट: यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सैटेलाइट्स की दूसरी 'डॉकिंग'सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है।' इसरो ने पिछले साल 30 दिसंबर को 'स्पेडेक्स' मिशन शुरू किया था और अंतरिक्ष में 'डॉकिंग'रिलेटेड एक्सपेरिमेंट्स के लिए दो सैटेलाइट्स-एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 को कक्षा में स्थापित किया था।





### आगे की क्या है योजना?

सिंह ने आगे कहा, 'जैसा कि पहले सूचित किया गया है, पीएसएलवी-सी60/स्पेडेक्स मिशन को 30 दिसंबर 2024 को सफलतापूर्वक शुरू किया गया था। इसके बाद सैटेलाइट को पहली बार 16 जनवरी 2025 को सुबह छह बजकर 20 मिनट पर सफलतापूर्वक 'डॉक'और 13 मार्च 2025 को सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर सफलतापूर्वक 'अनडॉक' (उपग्रहों को अलग करने की प्रक्रिया) किया गया। अगले दो सप्ताह में आगे के एक्सपेरिमेंट्स की योजना बनाई गई है।' इसरो के मुताबिक, 'स्पेडेक्स'दो छोटे अंतरिक्ष यान का इस्तेमाल कर अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' के लिए एक किफायती प्रौद्योगिकी मिशन है, जिसे पीएसएलवी के जरिये लॉन्च किया गया था।

## जब अपनी ही छाया नहीं दिखेगी... भारत में दिखेगा ये अद्भुत नजारा जानें कब और कहां?




### 24 अप्रैल को बेंगलुरु में जीरो शैडो डे मनाया जाएगा

**बेंगलुरु।** सोचिए, दोपहर के वक्त तेज धूप में आप सड़क पर खड़े हों और आपकी छाया ही गायब हो जाए! जी हां, ऐसा अद्भुत नजारा भारत में जल्द ही देखने को मिलेगा। 24 अप्रैल को दोपहर 12 बजकर 17 मिनट पर बेंगलुरु में 'जीरो शैडो डे'यानी 'शून्य छाया दिवस' मनाया जाएगा। इस दौरान सूरज ठीक सिर के ऊपर होगा, जिससे खड़े हुए किसी भी सीधे वस्तु की छाया जमीन पर नहीं दिखेगी। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स के साइंटिस्ट निरुज मोहन रामानुजम के अनुसार, जब सूरज अपनी उच्चतम स्थिति यानी जेनिथ पर पहुंचता है, तब यह घटना होती है। उस समय किसी भी सीधी खड़ी वस्तु की छाया ठीक नीचे गिरती है और दिखाई नहीं देती। भारत में वे सभी स्थान जो कर्क रेखा के दक्षिण में आते हैं, जैसे बेंगलुरु, चेन्नई और मैंगलुरु में वर्ष में दो बार जीरो शैडो डे नजर आता है। बेंगलुरु में यह घटना आमतौर पर 24-25 अप्रैल और फिर 18 अगस्त के आसपास होती है।

**तो हो जाएं तैयार** : रामानुजम ने बताया कि यह खगोलीय घटना तब और खास बन जाती है जब यह कर्क रेखा पर पहुंचती है, जो इस साल 21 जून को होगा। अगर आप इस अनोखी खगोलीय घटना को अपनी आंखों से देखना चाहते हैं, तो 24 अप्रैल को दोपहर 12:17 पर तैयार रहें। हो सकता है आपको अपनी ही छाया ढूंढे न मिले!

# बर्फ कम गिरी तो गंगा घाटी में पानी कम क्या कोई नई मुसीबत आने वाली है?

**नई दिल्ली।** बर्फबारी को लेकर एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। यह हर उस शख्स के लिए टेंशन की बात है जो किसी न किसी तरह से नदियों के पानी पर निर्भर है। दरअसल, हिंदू कुश-हिमालय क्षेत्र में इस साल नवंबर और मार्च के बीच हिमाच्छादन या बर्फ का स्तर सामान्य से 23.6 प्रतिशत कम रहा है। यह पिछले 23 वर्षों में सबसे कम है।

अंतर-सरकारी संस्था 'इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट' ने सोमवार को जारी 2025 की अपनी 'स्नो अपडेट रिपोर्ट' में यह जानकारी दी है। यह लगातार तीसरा साल है जब इस क्षेत्र में मौसमी हिमाच्छादन सामान्य से कम रहा।



### असल में क्या हो रहा है?

रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्दियों में जमीन पर पड़ी रहने वाली बर्फ या तो तेजी से पिघल रही है या अपेक्षित मात्रा में नहीं गिर रही है। बर्फ पिघलने से बनने वाला पानी ही नदियों का रूप लेता है। आईसीआईएमओडी महानिदेशक पेमा ग्यामत्शो ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन हिंदु कुश हिमालय क्षेत्र में बर्फ की कमी का कारण है। ग्यामत्शो ने कहा, 'इस क्षेत्रीय हिम संकट और इसके कारण दीर्घकालिक खाद्य, जल और ऊर्जा के लिए उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए हमें तत्काल विज्ञान आधारित दूरदर्शी नीतियों की ओर एक आदर्श बदलाव को अपनाने तथा सीमापार जल प्रबंधन और कार्बन उत्सर्जन न्यूनीकरण के लिए नए सिरे से क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।'

### बर्फ पिघलने से कितना पानी नदियों में आता है?

रिपोर्ट के अनुसार, बर्फ पिघलने से प्रमुख नदी घाटियों में कुल वार्षिक जल प्रवाह में औसतन करीब 23 फीसदी का योगदान होता है। हालांकि, इस साल बर्फ की चादर सामान्य स्तर से 23.6 फीसदी कम थी, जो पिछले 23 वर्षों में सबसे कम दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले करीब दो दशक में गंगा घाटी में बिछी बर्फ की चादर सामान्य से 24.1 प्रतिशत कम हो गई। ब्रह्मपुत्र घाटी में यह 27.9 प्रतिशत कम हो गई। मेकोंग और सालवीन नदी घाटियों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां बर्फ की चादर क्रमशः 51.9 प्रतिशत और 48.3 प्रतिशत कम हो गई है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि बर्फ का स्तर इसी तरह कम होना जारी रहा तो क्षेत्र को जल की कमी का सामना करना पड़ सकता है, जिससे भूजल पर निर्भरता बढ़ जाएगी और सूखे का खतरा बढ़ जाएगा।

# कश्मीर में उग्रवाद को 'स्थानीय चेहरा' देने 'लश्कर' ने बनाई है टीआरएफ

## इसी संगठन ने ली है पहलगाम में हुए हालिया हमले की जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर एक बार फिर आतंकियों के आतंक से दहल उठा है। पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला किया है। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है। टीआरएफ ने पहलगाम में हुए हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि सरकार ने 85000 बाहरी लोगों को जम्मू कश्मीर में बसाया है। ये कश्मीर आते तो पर्यटक बनकर हैं लेकिन यहीं पर बस जाते हैं यह हमला उसी का खामियाजा है। टीआरएफ का पूरा नाम 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' है। यह आतंकी संगठन साल 2019 में अस्तित्व में आया। लेकिन कम समय में ही इस आतंकी संगठन ने दर्जनों आतंकी हमलों को अंजाम दिया। गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकी संगठन टीआरएफ को साल 2013 में प्रतिबंधित किया गया। अपने गठन के छह महीने के भीतर, समूह ने अपने बैनर तले विभिन्न संगठनों के विभिन्न आतंकवादियों को एकजुट किया। जनवरी 2023 में गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित किया। मंत्रालय ने सोशल मीडिया के माध्यम से 'मनोवैज्ञानिक ऑपरेशन' को अंजाम देने और भारतीय राज्य के खिलाफ हिंसा भड़काने में समूह की संलिप्तता का हवाला दिया।

■ 2019 में अस्तित्व में आया यह आतंकी संगठन



**संगठन बनाने की एक और अहम वजह**

माना जाता है कि यह लश्कर-ए-तैयबा का एक छद्म संगठन है, जिसे कश्मीर में उग्रवाद को 'स्थानीय चेहरा' देने के लिए बनाया गया था। टीआरएफ का मुख्य उद्देश्य लश्कर-ए-तैयबा मामले में पाकिस्तान पर बढ़ते दबाव को कम करना है। टीआरएफ को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की कार्रवाई से बचने के लिए बनाया गया है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान को ग्रे सूची में रखा है, जिसके बाद उसके खिलाफ कई बैन लगे हैं। इसके बाद टीआरएफ बनाया गया है।

### गैर-कश्मीरियों को निशाना बनाते हैं टीआरएफ

टीआरएफ सुरक्षा बलों के जवानों और निर्दोष नागरिकों की हत्याओं की योजना बनाने, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों का समर्थन करने के लिए हथियारों की तस्करी, आतंकवादियों की भर्ती, आतंकवादियों की घुसपैठ और पूरे देश से हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल रहा है। टीआरएफ का नाम तब चर्चा में आया जब उसने साल 2020 में बीजेपी कार्यकर्ता फिदा हुसैन, उमर राशिद बेग और उमर हाजम की कुलगाम में बेरहमी से हत्या कर दी थी। टीआरएफ कश्मीर में फिर से वही दौर लाना चाहता है, जो कभी 90 के दशक में था। टीआरएफ के आतंकी टारगेट किलिंग पर फोकस करते हैं। वो ज्यादातर गैर-कश्मीरियों को निशाना बनाते हैं ताकि बाहरी राज्यों के लोग जम्मू-कश्मीर आने से बचें।

### हिंसा का इतिहास

टीआरएफ का घाटी में पर्यटकों, अल्पसंख्यक कश्मीरी पंडितों और प्रवासी श्रमिकों को निशाना बनाने का कुख्यात ट्रैक रिकॉर्ड है। अपने पिछले हमलों में से एक में, समूह ने गंदेरबल जिले में एक निर्माण स्थल पर गोलीबारी की, जिसमें एक कश्मीरी डॉक्टर, मजदूर और एक ठेकेदार सहित सात लोग मारे गए. टीआरएफ से जुड़े उल्लेखनीय आतंकवादियों में साजिद जट्ट, सज्जाद गुल और सलीम रहमानी शामिल हैं - सभी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हैं। खुफिया एजेंसियां इस समूह पर कड़ी निगरानी रख रही हैं, खासकर अमरनाथ यात्रा से पहले बढ़ती चिंताओं के बीच. पहलगाम हमले की जांच जारी रहने के बावजूद राजनीतिक नेता और सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद को खत्म करने और कश्मीर के शांतिपूर्ण माहौल की रक्षा करने के अपने संकल्प पर एकजुट हैं।

## आंध्र प्रदेश : सीआईडी के पूर्व खुफिया प्रमुख अंजनेयुलु गिरफ्तार



**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के पूर्व खुफिया प्रमुख और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पी सीताराम अंजनेयुलु को मुंबई की अभिनेत्री कादंबरी जेठवानी के कथित उत्पीड़न के सिलसिले में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। जगन मोहन रेड्डी के शासनकाल में उनके करीबी रहे अंजनेयुलु को विजयवाड़ा पुलिस ने तेलंगाना के हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया है। उन्हें आगे की जांच के लिए आंध्र प्रदेश ले जाया जाएगा। अंजनेयुलु उन तीन वरिष्ठ अधिकारियों में से एक हैं, जिन्हें कथित तौर पर बिना उचित जांच के जेठवानी की गलत तरीके से गिरफ्तार और उत्पीड़न में शामिल होने के आरोप पर निलंबित किया गया था। अंजनेयुलु, क्रांति राणा टाटा और विशाल गुन्नी (पूर्व डिप्टी कमिश्नर) के साथ सितंबर 2024 में अभिनेता की बिना लिखित निर्देश या पर्याप्त सबूत के गिरफ्तारी का आदेश देने के लिए निलंबित कर दिए गए थे।

## शरबत जिहाद को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट का सख्त रुख

# रामदेव की टिप्पणी पर हाईकोर्ट ने कहा-पांच दिन में हटाएं वीडियो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूह अफजा को 'शरबत जिहाद' बताने वाले बाबा रामदेव को दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि बाबा रामदेव का बयान अक्षम्य है और इसका समर्थन नहीं किया जा सकता है। इस बयान को किसी भी तरह से ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। उसके बाद दोपहर 12 बजे कोर्ट में दोबारा सुनवाई हुई तो बाबा रामदेव के वकील के तेवर नरम पड़ गए और उन्होंने कोर्ट से कहा कि मैंने सलाह दी है और हम वीडियो निकाल रहे हैं।इस पर हाईकोर्ट ने कहा, जब मैंने वीडियो देखा तो मुझे अपने कान और आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। बाबा रामदेव के वकील का कहना था कि हमने पहले ही वीडियो निकालने के लिए कह दिया है।

**खास बातें**

- बयान को हाईकोर्ट ने बताया अक्षम्य और अविश्वसनीय
- हमदर्द की तरफ से बयान के खिलाफ दायर हुई है याचिका





### यह हुआ कोर्टरूम में

बाबा रामदेव के बयान के खिलाफ हमदर्द की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। मामले में मंगलवार को दिल्ली HC ने सुनवाई की है। कोर्ट ने बाबा रामदेव के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई। इस पर हमदर्द के वकील ने एक और बयान का हवाला दिया। रामदेव के वकील ने कहा, कृपया निष्पक्षता का फायदा ना उठाएं। हमदर्द के वकील ने कहा, इसे (बयान) हटाया जाना चाहिए। जब से हमने मुकदमा दायर किया है, तब से कुछ और आ गया है। रामदेव के वकील ने कहा, वे इसे हमें दे सकते हैं।

### हेट स्पीच के दायरे में आता है बाबा का बयान

*इससे पहले हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव द्वारा दिए गए 'शरबत जिहाद' संबंधी बयान पर सख्त नाराजगी जताई और इसे अक्षम्य और अदालत की चेतना को झकझोरने वाला करार दिया है। हाईकोर्ट ने कहा, यह बयान अक्षम्य है और अदालत की चेतना को झकझोर देने वाला है। हाई कोर्ट ने कहा कि इस बयान को किसी भी तरह से ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। हमदर्द की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी पेश हुए। रोहतगी ने दलील दी कि बाबा रामदेव का बयान हेट स्पीच के दायरे में आता है। यह बयान धार्मिक आधार पर समाज को बांटने वाला है। हमदर्द की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि यह मामला सिर्फ 'रूह अफ़ज़ा' की छवि को धूमिल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कहीं आगे जाकर यह एक साम्प्रदायिक विभाजन पैदा करने वाला मामला भी बनता है। वकील ने दलील दी कि बाबा रामदेव का यह बयान सामाजिक सौहार्द और सांप्रदायिक सद्भाव को प्रभावित करने वाला है, जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। कोर्ट ने रामदेव के वकील को दोपहर 12 बजे पेश होने के लिए कहा था। दोपहर 12 बजे कोर्ट ने फिर इस मसले पर सुनवाई की।*

**बच्चे को जबड़े में फंसा रखा था**

# पोते की जान बचाने तेंदुआ से भिड़ा दादा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के कोठीगांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक दादा ने अपनी जान की परवाह किए बिना तेंदुए से भिड़कर अपने चार साल के पोते की जान बचा ली। यह घटना सोमवार शाम करीब 7 बजे की है, जब मासूम प्रदीप नेताम आंगन में खेल रहा था। तभी एक जंगली तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। तेंदुआ बच्चे को जबड़े में दबाकर जंगल की ओर भागने लगा। घर में उस वक्त सिर्फ दादा और पोता मौजूद थे। बच्चे की चीख सुनकर दादा ने बिना कुछ सोचे-समझे तेंदुए का पीछा किया और जंगल की ओर भागते हुए उस पर झपट पड़े। जान जोखिम में डालकर दादा ने आखिरकार तेंदुए के जबड़े से पोते को छुड़ा लिया।

### घायल बच्चे का उपचार जारी

घायल बच्चे को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। बच्चे के गले में चोट आई है, लेकिन अब उसकी हालत स्थिर है। प्रशासन ने भी इस साहसिक कदम की सराहना करते हुए वन विभाग को सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

**अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जयपुर के एक कार्यक्रम में कहा**

# वेंस ने भारत से गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने का किया आग्रह

एजेंसी ▶▶| जयपुर

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने मंगलवार को भारत से गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने, अपने बाजारों तक अधिक पहुंच देने तथा अधिक अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद और सैन्य हार्डवेयर खरीदने का आह्वान किया। उन्होंने समृद्ध और शांतिपूर्ण 21वीं सदी के लिए दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ संबंधों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। राजस्थान की राजधानी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वेंस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बार-बार प्रशंसा की और उन्हें एक ''विशेष व्यक्ति'' बताया तथा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत और अमेरिका के एकजुट होकर काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "मैं सचमुच मानता हूं कि 21वीं सदी का भविष्य अमेरिका-भारत साझेदारी की मजबूती से निर्धारित होगा।" वेंस ने कहा, "मेरा मानना है कि यदि भारत और अमेरिका सफलतापूर्वक मिलकर काम करेंगे, तो हम 21वीं सदी को समृद्ध और शांतिपूर्ण देखेंगे।



अमेरिकी उपराष्ट्रपति, भारतीय मूल की अपनी पत्नी उषा चिलुकुरी और अपने तीन बच्चों - बेटे इवान, विवेक और बेटी मीराबेल के साथ जयपुर में हवा महल सहित कई दर्शनीय स्थानों में घूमे।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में फिल्म स्टार महेश बाबू को ईडी का समन



**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार महेश बाबू कानूनी पेंच में फंस गए हैं। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक मामले में जांच के सिलसिले में तेलुगु एक्टर महेश बाबू को नोटिस जारी किया है। ये मामला रियल एस्टेट फर्मों से जुड़ा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये मामला दो रियल एस्टेट कंपनियों - साई सूर्या डेवलपर्स और सुराना ग्रुप द्वारा कथित धोखाधड़ी और बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं को लेकर है जिसकी जांच में एक्टर को समन जारी किया गया है। महेश बाबू को कथित तौर पर डेवलपर्स से जुड़े प्रोजेक्ट्स के एन्डोर्समेंट के लिए नोटिस जारी किया गया है। उन्हें कथित तौर पर इस प्रोजेक्ट के लिए 5.9 करोड़ रुपये की फीस मिली है। इस राशि में से 3.4 करोड़ रुपये चेक के माध्यम से भुगतान किए गए थे, जबकि शेष 2.5 करोड़ रुपये कथित तौर पर नकद में दिए गए थे - जो अब जांच के दायरे में आ गया है।







## चिंतन

# कश्मीर में आतंकवाद की जड़ों को काटने का वक्त

आतंकवाद के खात्मे के लिए भारत को उसकी जड़ पर वार करना होगा। केवल ऑपरेशन क्लीन जैसे सफाई अभियान से बात नहीं बन रही है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के पीछे जो भी जड़ें काम कर रही हैं, उन जड़ों को काटना जरूरी है। आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों को निशाना बनाया है। आतंकियों ने नाम पूछ कर गैर मुस्लिमों को गोली मारी है। अमरनाथ यात्रा से पहले यह कायराना आतंकी हमला इस यात्रा में बाधा डालने की कोशिश है। पवित्र अमरनाथ यात्रा पर ज्यादातर हिंदू जाते हैं। इस बार यात्रा 3 जुलाई से शुरू है। सरकार बेशक जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ सख्ती से एक्शन ले रही है, सेना व अन्य सुरक्षा बल सम्मिलित रूप से ऑपरेशन क्लीन चला रही हैं, टेरर फंडिंग के स्त्रोतों पर वार किया गया है, अलगावादियों को कॉर्नर किया है, इसके बावजूद घाटी में आतंकी हमले बंद नहीं हो सके हैं। राज्यपाल शासन के बाद अब एक चुनी हुई सरकार है। जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त करना जरूरी है, इसके लिए सदियों तक इंतजार नहीं किया जा सकता है। अस्सी के दशक से इस राज्य के बेकसूर आवाम आतंकी दहशत में जी रहे हैं, पर्यटक डरे रहते हैं। बेखौफ होकर न कृषि होती है और न ही उद्योग-व्यापार। कश्मीर में आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान की फौज और खुफिया एजेंसी आईएसआई संलिप्त है, इन्हें दंतहीन-विषहीन बनाना जरूरी है। भारत को आतंक के मददगार और आतंकवाद में शामिल गुटों पर एक साथ वार करना होगा। भारत साढ़े चार दशक से आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है, आगे कब तक लड़ना होगा, यह भी पता नहीं है, लेकिन एक मजबूत विकसित राष्ट्र के लिए जरूरी है कि देश अपने दुश्मनों को कड़ा सबक सिखाए। हाल के वर्षों में कश्मीर में आतंकवाद का एक पैटर्न देखने को मिला है, जिसमें गैर मुस्लिमों पर हमला किया गया है। वर्ष 2022 में भी शोपियां व कुलगाम में हुए आतंकी हमले में भी नाम पूछ कर गोली मारी गई थी। मुंबई 26/11 आतंकी हमले में भी ऐसा ही देखने को मिला था। यह सीरियाई आतंकी गुट इस्लामिक स्टेट का तरीका था, जिसे अब पाक के आतंकी गुट लश्कर व जैश ने भी अपना लिया है। पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। लश्कर पाक स्थित आतंकी गुट हैं, इसलिए साफ है कि पहलगाम हमले में पाक के आतंकी गुट का हाथ है। कश्मीर में इतनी सुरक्षा व ऑपरेशन क्लीन के बावजूद टीआरएफ का वजूद चिंता पैदा करता है। पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। गृहमंत्री अमित शाह ने उच्च स्तरीय बैठक की है, सऊदी अरब की यात्रा पर गए पीएम नरेन्द्र मोदी ने अमित शाह से बात की है, जेएंडके के सीएम उमर अब्दुल्ला और उप राज्यपाल मनोज सिन्हा हमले के बाद की स्थिति पर चौकस हैं, लेकिन सवाल भी है कि पर्यटन के महीने में क्या सरकार के पास आतंकी हमले का खुफिया या सीआईडी इनपुट नहीं था? तमाम सुरक्षा के बीच मुट्ठी भर आतंकियों का गुट टीआरएफ इतने बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने में कैसे सफल हो जाते हैं, उन तक फंड व असलाह कैसे पहुंच रहे हैं? प्रशिक्षण कैसे मिल रहा है और बाहर से आ रहे हैं तो घुसपैठ कैसे हो रही है? जबकि लेजर प्रोटेक्टेड बाड़ है। अगर टीआरएफ को स्थानीय मदद मिल रही है, तो भी इसका पर्दाफाश जरूरी है। अब आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस केवल नीति में नहीं बल्कि एक्शन में जरूरी है। सर्जिकल स्ट्राइक से आगे की रणनीति की आवश्यकता है।



नेशनल हेराल्ड
प्रमोद भार्गव

# अदालत का सम्मान करे कांग्रेस

ईडी ने नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो कि जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेषज्ञ डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी।

देश के प्रथम व प्रतिष्ठित राजनीतिक गांधी परिवार की पुत्रवधू सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी समेत अन्य के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहला आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया है। इस मामले में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और पत्रकार सुमन दुबे भी आरोपी हैं। दुबे राजीव गांधी फाउंडेशन के ट्रस्टी भी हैं। यह आरोप पत्र 9 अप्रैल 1925 को विशेष जज विशाल गोगने की अदालत में पेश किया गया। अब इस पर अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। इसी दिन अदालत में केस डायरी भी प्रस्तुत करनी होगी। ईडी ने इसी प्रकरण में नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो कि जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेषज्ञ डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी। इस समय भी केंद्र में यूपीए की सरकार थी। अतएव कांग्रेस को ईडी और अदालती कार्यवाही का सम्मान करने की जरूरत है। नेशनल हेराल्ड नाम के अंग्रेजी अखबार की स्थापना 1938 में पंडित नेहरू और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने की थी। इसका स्वामित्व एजेएल के पास था। इसी ने हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज अखबार निकाले थे।

दरअसल दो हजार करोड़ रुपये के नेशनल हेराल्ड से संबंधित स्वामित्व व परिसंपत्तियों के हस्तांतरण से जुड़ा एक मामला निजी इस्तगासे के तहत निचली अदालत में विचाराधीन है। याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी ने अदालत में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करके यह दावा किया था कि अखबार का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी 'द एसोसिएट्स जर्नल्स लिमिटेड' के स्वामित्व और परिसंपत्तियों के हस्तांतरण में धोखाधड़ी की गई है। इससे लाभान्वित होने वाले सोनिया गांधी और राहुल गांधी हैं। न्यायालय ने पहली नजर में इस मामले को सुनने योग्य माना और प्रक्रिया आगे बढ़ा दी। तभी से कांग्रेस राजनीतिक प्रतिशोध के चलते इस मामले को झूठा ठहराने में लगी हुई है। साफ है, सोनिया, राहुल अपने को फंसता देख जानबूझकर मामले को सियासी साजिश करार देने में लगे हैं। यहां सोचने की जरूरत है कि वाकई न्यायपालिका राजनीति की कठपुतली है तो फिर 2013 में जब स्वामी ने अदालत में याचिका दाखिल की थी,तब अपनी राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल इस याचिका को खारिज कराने में क्यों नहीं किया? याचिकाएं लगाने में सिद्धहस्त स्वामी ने कोई इकलौती यही याचिका दाखिल नहीं की, वे कई जनहित याचिकाएं लगाकर अपनी कानूनी लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। यदि न्यायालय राजनेताओं के दिशा-निर्देशन के अनुसार चलती हैं तो सोनिया गांधी संप्रग सरकार की भद पिटवाने वाली इस कार्यवाही को क्यों



नहीं रोक पाईं ? गोया पूरा देश जानता है कि अदालतों का राजनीतिक हस्तक्षेप से कोई वास्ता नहीं है। न्यायालयीन प्रक्रिया स्वतंत्र रूप से कानूनी दायरे में गतिशील रहते हुए अंतिम परिणाम तक पहुंचती है।

इस लिहाज से कांग्रेस द्वारा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को दोषी ठहराना उचित नहीं है। नेशनल हेराल्ड से जुड़ा मामला बेहद गंभीर है। प्रथम दृष्टया दस्तावेजी साक्ष्यों की पड़ताल करने से ही यह साफ हो जाता है कि दाल में कुछ काला है। दरअसल एजेएल नेशनल हेराल्ड अखबार की मालिकाना कंपनी है। कांग्रेस ने एजेएल को 90 करोड़ का कर्ज दिया। इसके बाद 5 लाख रुपये की अंश पूंजी से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया व राहुल की 38-38 फीसदी भागीदारी तय की गई। शेष बची 24 प्रतिशत की हिस्सेदारी कांग्रेस नेता और पार्टी के कोषाध्यक्ष मोतीलाल बोरा और ऑस्कर फर्नांडीज को दी गई। अब दोनों नेता दिवंगत हो चुके हैं। इसके बाद एजेएल के 10-10 रुपये के नौ करोड़ शेयर यंग इंडियन को दे दिए गए।

इसके बदले यंग इंडियन को कांग्रेस का कर्ज भी चुकाना था। 9 करोड़ शेयर के साथ यंग इंडियन का एजेएल की 99 फीसदी हिस्सेदारी मिल गईं। कांग्रेस ने 90 करोड़ जैसी बड़ी धनराशि का ऋण भी माफ कर दिया। मसलन कागजों में एक कंपनी का कृत्रिम वजूद खड़ा करके एजेएल का स्वामित्व बड़ी आसानी से हस्तांतरित कर दिया गया। स्वामी ने अदालत में अपनी दलील पेश करते हुए इस प्रकरण में हवाला करोबार को अंजाम देने का संदेह भी जताया था। जाहिर है, मामला बेहद गंभीर है। अब 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति यंग इंडियन को गलत तरीके से स्थानांतरित की गई थी, आरोप है कि संपत्तियों का उपयोग करके फर्जी लेन-देन के जरिए लाखों-करोड़ों की रकम जुटाई गई। फर्जीदान, फर्जी अग्रिम किराया और फर्जी विज्ञापन के रूप में अवैध आय अर्जित की गई। जांच में पाए गए ऐसे ही दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। ईडी 2021 से इस मामले की जांच कर रही है। ईडी ने जून 2022 में राहुल गांधी से पांच दिन में पचास घंटे और जुलाई 2022 में सोनिया गांधी से तीन दिन में करीब 12 घंटे पूछताछ की थी। इस मामले में मां-बेटे दिसंबर 2019 से जमानत पर हैं। वास्तव में अब जरूरत तो यह है कि एक जिम्मेदार और अनुभवी राजनीतिक दल होने के नाते सोनिया और राहुल समेत सभी आरोपियों को अपने निर्दोष होने के साक्ष्यों के साथ अदालत में अपना पक्ष रखना चाहिए। केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराने और संसद से सड़क तक हंगामे की बजाय कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप व्यवहार जताने की आवश्यकता है। अदालती कार्यवाही पर भी उंगली उठाना,सर्वथा अनुचित आचरण का प्रतीक है। इस मामले में सोनिया गांधी को अपनी सास इंदिरा गांधी से भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने अदालत की कार्यवाही का सामना करने में कभी हिचक नहीं दिखाई। रायबरेली चुनाव में धांधली के आरोप की सुनवाई के दौरान श्रीमती गांधी 18 मार्च 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में हाजिर हुई थीं,वह भी प्रधानमंत्री रहते हुए। हालांकि मनमाफिक फैसला नहीं होने पर इंदिरा गांधी जून 1975 में आपातकाल घोषित करने से भी नहीं चूकी थीं। संभव है जिरह और न्यायिक प्रक्रिया की कसौटी पर स्वामी के दस्तावेजी साक्ष्य और ईडी के आरोप बेदम साबित हो जाएं और अदालत मामला ही खारिज कर दे ? यह एक उम्मीद है,लेकिन यदि स्वामी जैसी कि दलील दे रहे हैं कि प्रस्तुत साक्ष्य कूटरचित और कथित रूप से व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने वाले हैं और अदालत उन्हें सही पाती है तो कानून में ऐसे आरोप में जिस सजा का प्रावधान है, अतएव आरोपियों का बच निकलना मुश्किल होगा ?

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## पर्यावरण
विकेश कुमार बडोला



# प्राकृतिक असंतुलन को लेकर गंभीर हो मनुष्य

जहां राजधानी और महानगरों वाला भारत न्यायालयों के जंजाल में फंसा हुआ है, वहीं प्राकृतिक असंतुलन समानांतर रूप में देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में विनाश-लीला रचने में लगा हुआ है। 20 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के रामबन जनपद में सूर्योदय से पहले हुई तीव्र वर्षा के कारण अनेक स्थानों पर बाढ़ आ गई। बाढ़ की घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और बाढ़ में फंसे सौ से अधिक लोगों को किसी प्रकार सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नाशरी और बनिहाल के बीच बारह से अधिक स्थानों पर भूस्खलन, मृदाधंसाव और भारी पत्थर गिरने-लुढ़कने की घटनाएं हुईं। ढाई सौ किलोमीटर लंबे राजमार्ग के बंद होने के कारण इस पर सैकड़ों यात्री और वाहन चालक फंसे हुए हैं। समीप ही स्थित ग्लेशियर सुरंग के अंदर-बाहर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। सुरंग सहित लगभग तीन किलोमीटर राजमार्ग की पृष्ठभूमि में स्थित पूरा पर्वत भरभराकर धंस गया। इसके बाद राजमार्ग का दूसरा हिस्सा धंसाव के बाद बहे पर्वतों के मलबे के साथ सरपट खाई में बदल गया है। घटना के चलचित्र देखकर प्राकृतिक आपदा की गंभीरता भली-भांति समझी जा सकती है। जलवायु की निरंतर विकृत एवं विनाशक होती स्थितियों की भी हमारे द्वारा अनदेखी की जा रही है। दुर्घटना के बाद कुछ दिनों के लिए स्थितियां सामान्य होते ही हम पिछला सब कुछ भूल जाते हैं और फिर जलवायु असंतुलन के कारण एक नई दुर्घटना घट जाती है। विगत कई दशकों से हिमालयी पर्वत क्षेत्र में यही हो रहा है। विद्युत उत्पादन के लिए बांधों के निर्माण, पर्यटन में वृद्धि हेतु रहने-घूमने की संरचनाओं के निर्माण और इन निर्माण परियोजनाओं को पूरा करने व इनके भोगोपभोग के लिए इन तक जाने-पहुंचने हेतु मार्गों के निर्माण के कारण पर्वतों की प्राकृतिक शक्ति समाप्त हो चुकी है। पर्वतों पर विकास के परिणामस्वरूप बढ़े आवागमन, भारी मोटर वाहनों के चालन-परिचालन और तरह-तरह की संरचनाएं खड़ी करने के लिए विस्फोटकों की सहायता से तोड़े गए पर्वतीय पठार पारस्परिक नैसर्गिक पर्वत-बंधन से मुक्त हो चुके हैं। विभिन्न पर्वतीय भाग अब पारस्परिक अवलंबन की अवस्था से पृथक हो चुके हैं। इसीलिए उनमें अत्यधिक या तीव्र वर्षण का भार वहन करने का शक्तिगुण नहीं बचा। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तरखंड में माह डेढ़ माह के अंतराल में कोई न कोई प्राकृतिक विपदा घट ही रही है। यह घटनाक्रम तीन-चार दशकों से निरंतर चला आ रहा है और विगत दस-पंद्रह वर्षों में तो ऐसी घटनाएं भयंकर रूप में घटी हैं। जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तराखंड तक परिव्याप्त हिमालयी गिरिमाला पर आधुनिक विकास के कारण पड़ने वाले जो भी प्रतिकूल प्रभाव हैं, वे पर्वतों के सबसे ढलान वाले अंशों पर अधिक हैं। उत्तराखंड में सर्वाधिक पर्वत-विचलन हुआ है। इसके बाद उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के बीच स्थित हिमाचल प्रदेश में अधिक पर्वतीय अस्थिरताएं हो रही हैं। पर्वतों के सर्वाधिक निचले और मध्य भाग में दीर्घ समय तक होने वाले ऐसे विचलनों व अस्थिरताओं के कारण एक दुर्भाग्यशाली दिन वह भी आएगा जब जम्मू-कश्मीर में स्थित हिमालय का सर्वोच्च शिखर जलवायु असंतुलन का अकल्पनीय विनाश झेलेगा। क्या इससे सुरक्षित रहने के लिए भारत और हिमालय पट्टिका के दोनों ओर स्थित देशों की कोई तैयारी है? संभवतः कोई तैयारी नहीं है और ना ही हो सकती है। अर्थव्यवस्था बढ़ाने पर केंद्रित दुनिया हर संभव औद्योगिक व भौतिक अनुसंधान कर देना चाहती है। फिर चाहे इसके लिए समग्र पृथ्वी की पूरी प्रकृति ही ध्वस्त क्यों न हो जाय। कुछ देश तो इस संबंध में दिखावटी-बनावटी चिंता भी नहीं कर रहे। वे तो निर्मम आधुनिकता पर सवार होकर पृथ्वी से अंतरिक्ष तक विस्तारित क्षेत्र को वैज्ञानिक प्रयोगों से इस सीमा तक अप्राकृतिक कर चुके हैं कि संवेदनशील व्यक्ति को यदि आंख उठाकर आकाश की नीलिमा देखने की इच्छा होती है तो वायुमंडल में पसरी हुई मटमैली कुरूपित धुंध उसे दुखित आहें भरने को ही विवश करती है। अधिसंख्य मनुष्यों को असंतुलित जलवायु के कारण उत्पन्न ऐसे वातावरण के बारे में कोई स्वाभाविक समझ ही नहीं है। प्राकृतिक असंतुलन के कारण आए दिन वे किसी न किसी असाध्य रोग से ग्रस्त ही रहते हैं मनुष्य चाहे साधारण व्यक्ति, नागरिक, पारिवारिक सदस्य के रूप में हो अथवा विद्वान, पदाधिकारी या धन-संसाधन संपन्न विशिष्ट व्यक्ति के रूप में, उसे गंभीर होकर यह जान लेना होगा कि अंधाधुंध आधुनिक विकास आने वाले कुछ वर्षों में महाविनाश का ही पर्याय होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मर्यादा के दायरे में कर्तव्यों का पालन



संकलित
**दर्शन**

भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा के दायरे में रहकर कर्तव्यों का पालन करने की सीख देता है। उनके जीवन से हम कई चीजों की प्रेरणा ले सकते हैं, जो जीवन में हमें सही मार्ग प्रशस्त करते हैं। भगवान श्रीराम ने कठिन से कठिन हालातों में भी आत्मसंयम, धैर्य और साहस से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने कभी भी क्रोध में आकर कोई निर्णय नहीं लिया, बल्कि हर चुनौती का सामना शांति और विवेक के साथ किया। श्रीराम अपने वचनों के प्रति अत्यंत निष्ठावान थे। उन्होंने जीवन भर अपने वचनों और दायित्वों का पूरी निष्ठा से पालन किया। वनवास के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता ने सिर्फ कंद-मूल और फल खाकर जीवन बिताया। उन्होंने कभी भी मांसाहार या तामसिक भोजन को नहीं अपनाया। शबरी के प्रेमपूर्वक दिए बेर भी उन्होंने आदरपूर्वक ग्रहण किए। राजसी वैभव छोड़कर वनवास के समय भगवान राम ने तपस्वियों का वेश धारण किया। उन्होंने सादगी से जीवन जिया जहां जो मिला उसी में संतुष्ट रहकर आगे बढ़ते गए। श्रीराम हर कार्य सोच-समझकर और पूर्व नियोजन के साथ करते थे। माता सीता को वापस लाने के लिए उन्होंने समुद्र पार करने हेतु रामसेतु का निर्माण कराया, जो उनके रणनीतिक कौशल को दर्शाता है। भगवान राम ने अपने वनवास काल में अनेक जनजातीय और वनवासी समुदायों के जीवन में सुधार लाने का प्रयास किया। शबरी, केवट और अहिल्या जैसे प्रसंग उनके करुणा और सेवा भाव को दर्शाते हैं।

## ऐसे लोगों से कभी न करें दुश्मनी



संकलित
**प्रेरणा**

आचार्य चाणक्य के अनुसार राजा और सत्ताधारी या शक्तिशाली व्यक्ति से शत्रुता नहीं करनी चाहिए। आधुनिक संदर्भ में देखा जाए तो बड़े राजनीतिक नेताओं या प्रशासन से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अनबन करने से गंभीर नुकसान हो सकता है, क्योंकि जिनके पास अधिकार होते हैं, वे परिस्थितियों को अपने अनुरूप मोड़ सकते हैं। चाणक्य नीति के अनुसार धनवान व्यक्ति से शत्रुता करना भी अपने लिए नुकसानदायक होता है। धन से व्यक्ति की शक्ति बढ़ती है और इससे वह दूसरों पर अधिक हावी होने की क्षमता रखता है। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि शारीरिक या मानसिक रूप से बलवान व्यक्ति से टकराव मोल लेना हानिकारक हो सकता है। ऐसा व्यक्ति अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। इसलिए ऐसे लोगों से हमेशा दूरी बनाए रखनी चाहिए। धन और बल में श्रेष्ठ व्यक्ति से शत्रुता करना अनावश्यक संकट को आमंत्रित करने जैसा है। चाणक्य की इन नीतियों का अनुसरण कर व्यक्ति अपने जीवन को सुरक्षित और सफल बना सकता है। उनके विचारों को समझना और व्यवहार में लाना, जीवन में संतुलन और समृद्धि लाने में सहायक हो सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

*-विजय कुमार सेन*

## ट्रेंड

### पर्यावरण संरक्षण



इस पृथ्वी दिवस पर, आइए हम स्वच्छ, हरित और टिकाऊ दिल्ली के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। हम जलवायु जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### हर बच्चे को शिक्षा



जब तक हर छात्र को बिना भेदभाव के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था सभी के लिए न्यायपूर्ण नहीं हो सकती। कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### थोरियम से बनाएं बिजली



आने वाले दिनों में, भारत में बिजली का सबसे ज़्यादा कन्ज़म्प्शन होगा। सबको सस्ती बिजली चाहिए। ईश्वर ने हमें न्यूक्लियर पॉवर का ईंधन, "थोरियम", बहुत बड़ी मात्रा में दिया है। थोरियम को यूज़ करके सस्ती बिजली बन सकती है। ये छोटे रिएक्टर जगह भी कम लेते हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### माफी मांगता हूं



मैं गुस्से में किसी को एक जवाब देने में अपनी मर्यादा भूल गया और पूरे ब्राह्मण समाज को बुरा बोल डाला। मैं तहेदिल से माफी मांगता हूं, इस समाज से जिनको मैं ये नहीं कहना चाह रहा था।

-अनुराग कश्यप, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# व्यापार के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को किया परिभाषित

सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और व्यापार समझौतों के दुरुपयोग को रोकने के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को परिभाषित किया। आयातकों को शुल्क रियायतें पाने के लिए एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदार से किसी उत्पाद का प्रमाण या उत्पत्ति का प्रमाण पत्र लेना होगा। राजस्व विभाग के परिपत्र के अनुसार, उत्पत्ति के प्रमाण का अर्थ है कि व्यापार समझौते के अनुसार जारी किया गया प्रमाण पत्र या घोषणा, जिससे यह प्रमाणित होता है कि माल उत्पत्ति के देश के मानदंडों को पूरा करता है। उत्पत्ति का प्रमाण पत्र उन देशों को निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिनके साथ भारत के व्यापार समझौते हैं। एक निर्यातक को आयात करने वाले देश के बंदरगाह पर प्रमाण पत्र जमा करना होता है। मुक्त व्यापार समझौतों के तहत शुल्क रियायतों का दावा करने के लिए यह दस्तावेज महत्वपूर्ण है। इस प्रमाण पत्र से यह पता चलता है कि माल मूल रूप से कहां से आया है। इस कदम पर टिप्पणी करते हुए परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि सीमा शुल्क परिपत्र के जरिये मूल प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता को साबित करने के लिए अच्छी तरह परिभाषित तंत्र और एक मानक संचालन प्रक्रिया तय की गई है।



## ऑफ बीट

# वृद्धों को अस्पताल में भर्ती होने 45 किमी तक की यात्रा



भारत में वृद्धों को बाह्य-रोगी सेवाओं के लिए 15 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ सकती है तथा अस्पताल में भर्ती होने के लिए लगभग 45 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ सकता है। यह जानकारी एक नए शोध से मिली है। 'द लांसेट रीजनल हेल्थ-साउथ ईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित अनुमानों में शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता भी दिखाई गई है। इसके मुताबिक, शहरी बुजुर्गों को 10 किलोमीटर की दूरी के भीतर बाह्य-रोगी सुविधाएं मिल जाती हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले वृद्धों के लिए यह दूरी लगभग 30 किलोमीटर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के शोधकर्ताओं ने 2017-2018 में भारत के अनुदैर्ध्य आयु अध्ययन (एलएएसआई) की पहली लहर के दौरान एकत्र किए गए 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 32,000 वृद्धों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। भारत में करीब 13.8 करोड़ बुजुर्ग हैं। जब स्वास्थ्य सुविधाएं 10 किलोमीटर के दायरे में उपलब्ध थी तो बाह्य-रोगी और अस्पताल में भर्ती होने, दोनों प्रकार की सेवाओं का इस्तेमाल करने की दरें उच्च थी, जो क्रमशः 73 प्रतिशत और 40 फीसदी थी।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

कला जगत

डा. अर्चना पाठक

## कई कलाकार प्रशिक्षित किए प. हरिशंकर

प. हरिशंकर शर्मा कंकाली पारा रायपुर के निवासी प्रसिद्द हरिकीर्तनकार, कथा वाचक और कंकाली पारा के पुजारी मनराखन उपाध्याय के तृतीय पुत्र थे। आपका जन्म सन 1905 ई को रायपुर में हुआ था। आपने माधवराव सप्रे हाई स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। नागरीदास मंदिर और दूधाधारी मठ रायपुर में प. मनराखन के हरिकीर्तन का आयोजन होता था। इसी कार्यक्रम में हरिशंकर शर्मा महंत पुरुषोत्तम दास के संपर्क में आए। महंत जी संगीत के विद्वान थे, उन्होंने हरि शंकर का रुझान देखकर उन्हें भृगुनाथ संगीतालय भेजा, जहां हरि शंकर ने ध्रुवपद, धमार शास्त्रीय गायन की क्रमबद्ध शिक्षा प्राप्त की। कालान्तर में आप राजा वायल के दरबारी संगीतज्ञ बन गए। मनराखन शर्मा ने अपने पुत्र को रायपुर वापस बुला लिया। हरि शंकर ने यहां संगीतबद्ध हरिकीर्तन एवं श्रीमद भागवत कथा का वाचन प्रारम्भ किया। आपके साथ हारमोनियम पर नानाजी देशपांडे, पुंडरीक देशपांडे, रामदास महाराज, गुंजनलाल सोनी, और पन्नालाल अवधिया प्रमुख रूप से संगत करते थे। तबले पर रामन्ना बाबू, रामलाल सोनी, रामव्यास विश्वकर्मा आदि संगत करते थे। आपकी संगत गोष्ठी में नानाजी कुशतर्पण, कन्हैयालाल भट्ट, फगुआराम सोनी शामिल होते थे। इसके साथ बड़े नामों में भगवतीशरण झा बांसुरी वादन, रामकिशन पोद्दार हारमोनियम वादन, संतोष टांक बांसुरी वादन, मदन चौहान, मालती केलकर, दीपक बेडेकर शामिल रहते थे।



सुरता

आचार्य सरयूकांत झा

## समाजसेवी के रूप में जाने गए योगानन्दम

योगानन्दम जी छत्तीसगढ़ के राजा महाराजाओं के प्रसिद्ध वकील थे। उन्होंने इंदौर कॉलेज से प्रतिभाशाली छात्र के रूप में एम ए दर्शन शास्त्र उत्तीर्ण किया था। बाद में विधि महाविद्यालय से वकालत की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। आपके बड़े भाई जी जनस्वामी म. प्र. शासन के उच्च अधिकारी थे। उन्होंने भी उनके साथ रहकर वकालत शुरू कर दी। आपने उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने में कोई कमी नहीं की। जन जन से धन राशि कर कॉलेज खोलने के संकल्प को पूर्ण किए। आज इसे हम छत्तीसगढ़ कालेज के रूप में देख रहे हैं यह वही कॉलेज है जिसकी चर्चा यहां हो रही है। इस कॉलेज को खोलने में मुख्य रूप से श्रीशंकर झा, दाऊ कामता प्रसाद अग्रवाल का प्रमुख योगदान रहा। यहां प्रोफेसर विद्यार्थियों को भारतीय वेशभूषा में शिक्षा देने आते थे। एक खास बात यह रही कि आजादी की लड़ाई में इस कॉलेज के छात्रों की भी अहम भूमिका रही। 1942 के क्विट इंडिया आंदोलन में कॉलेज के छात्रों ने भाग लिया। राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण 15 वर्षों तक कोई शासकीय सहायता नहीं दी गई। इस समय भी कॉलेज अपने बलबूते पर और जनता की सहायता से चलता रहा। योगानंदम ने छत्तीसगढ़ कालेज के रूप में एक आदर्श संस्था का निर्माण किया। यह गौरवपूर्ण संस्था आज भी अपने निराले आन बान के साथ परिचालित है। अब इसका अपना सुंदर भवन बन गया है। कॉलेज का शासकीयकरण हो चुका है। पूरे छत्तीसगढ़ में इस महाविद्यालय के पूर्व छात्र राष्ट्रीय संस्था के ध्वजवाहक के रूप में मातृ संस्था का स्मरण करते हैं।




परम्परा

डा. पीसी लाल यादव

## गिनने के लिए उपयोग होता रहा है बिस्कुटक

छत्तीसगढ़ी बिस्कुटक एक मन गणित है , मनोरंजन और ज्ञानवर्धन का साधन। यह बिस्कुटक आज भी लोक मन में सैकड़ों की संख्या में हैं पर इसकी परम्परा और व्यवहारिकता लगभग लुप्त प्राय है। बिस+कूट+क यहां पर बिस का आशय संख्या बीस से है और कूट अर्थात पहेली। क माने करना। अर्थात बीस संख्या से संबंधित पहेली करना। छत्तीसगढ़ी में कुटका का अर्थ टुकड़ा भी होता है। इन दोनों ही अर्थों में बिस्कुटक का अभिप्राय अपरिवर्तनीय है। इस शब्द में गणना बीस तक ही होती है। पंक्तियां अर्थ मूलक हैं, हल मूलक नहीं। एक उदाहरण -

आठ एठेनी बारा बेनी,
चार चुहक्का दू पुरेनी।

बिस्कुटक छत्तीसगढ़ी लोक जीवन में परिव्याप्त है और वाचिक परम्परा द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होकर लोक मानस में प्रचलित है। आज आवश्यकता है इसके संरक्षण और संवर्धन की। यह हमारी लोक साहित्य और संस्कृति की अमूल्य निधि है। इनमें लोक संस्कृति का दिग्दर्शन है। यह लोक बोध और लोक संस्कार के पर्याय हैं। बिस्कुटक तत्कालीन लोक समाज की सामाजिकता और आर्थिक महत्व को प्रकट करने वाला लोक का आगार है।



अक्ति (अक्षय तृतीया) का त्यौहार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष में तीसरे दिन मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में यह त्यौहार कृषकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है । छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में मुख्यतः व्यवसाय कृषि है, और इस त्यौहार के माध्यम से कृषि उत्पादन व बारिश का अनुमान किसानों द्वारा परंपरागत तरीके से लगाया जाता है। जो कि लोकमानस में प्रचलित है ।इसलिए ग्रामीण अंचल के लोग अक्ति (अक्षय तृतीया ) को प्रचलित नियमों के अनुसार ही मनाते हैं।





# अक्ति त्योहार से किसान आगामी बारिश का लगाते है अनुमान

परब विशेष : डा.श्रीमती ज्योति किरण चंद्राकर

इस त्यौहार में गोबर से कोठी बनाकर पूजा की जाती है। कोठी बनाने की प्रथा का विशेष महत्व है। अक्ति (अक्षय तृतीया )का त्योहार कृषक वर्ग के लिए महत्वपूर्ण पारंपरिक त्यौहार है। जिससे जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य होते हैं, जिसके आधार पर बारिश का अनुमान व कृषि उत्पादन की क्षमता का आकलन किया जाता है। इस दिन धान या चावल के आटे से आंगन में चौक बनाया जाता है। उसके ऊपर गोबर से सात गोलाकार गड्ढा( कोठी) बनाया जाता है। गौरी -गणेश व कलश स्थापित कर लक्ष्मी माता व विष्णु जी का पूजन किया जाता है। सुबह स्नान करने के पश्चात कोठी बनाकर चार कोठी में पानी और तीन कोठी में धान भरकर पूजा किया जाता है। प्रसाद स्वरूप नारियल, भीगा हुआ चनादाल ,बड़ा, बोबरा, खीर, पुरी आदि चढ़ाया जाता है। चार कोठी जिसमें पानी भरा जाता है वो चार महीने क्रमशः असाढ, सावन ,भादो औरअश्विन का सूचक होता है। तीन कोठी में धान भरा जाता है। सूर्यास्त के समय प्रत्येक कोठी में शेष बचे पानी के आधार पर हर महीने में कितना बारिश इस वर्ष होगा उसका अनुमान लगाया जाता है। साथ ही यह भी अनुमान लगाया जाता है यदि किसी कोठी में से पानी बहकर बाहर निकल गया हो तो, उस महीने में मूसलाधार बारिश होगी। जिस कोठी में कम पानी है उस महीने में कम पानी का अनुमान लगाया जाता है। इस प्रकार कोठियां में बचे हुए शेष पानी के आधार पर उस महीने में कितनी बारिश होगी इसका



अनुमान लगाया जाता है। सूर्यास्त के बाद कोठी को उठा लिया जाता है। धान भरे कोठी के धान को रौताईन को उपहार स्वरूप दिया जाता है। गोबर के कुछ हिस्से में धान चिपका होता है, उसे छप्पर में रख दिया जाता है। बारिश पश्चात उसमें होने वाले अंकुरण को देखकर के आने वाली फसल उत्पादन का अनुमान लगाते हैं। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में यह परंपरा लोकमानस में सदियों से चली आ रही है और इसी के अनुसार किसान आगामी बारिश व फसल का अनुमान लगाते हैं । अक्षय तृतीया में सूर्य व चंद्रमा की स्थिति उच्च होती है । अतः इस दिन का विशेष महत्व है। इस दिन गुड्डे- गुड़ियों का विवाह गांव में खेला जाता है। ग्रामीण अंचल में अक्षय तृतीया का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया जाता रहा है।

ऐतिहासिक : डा. गणेश खरे

# अनेक साक्ष्य समाहित हैं सुरंग टीला मंदिर में



महानदी के तट पर सिरपुर अंचल में गंधेश्वर मंदिर के पूर्व में शिवजी का एक विशाल मंदिर मिला है इसे सुरंग टीला मंदिर नाम दिया गया है। यह पंचायचन शैली का शिव मंदिर है जो 4.65 मीटर ऊंचे अधिष्ठान पर निर्मित है। इस संरचना के ऊपर पांच मंदिर है जिनमें से चार में शिव की प्रतिमाएं हैं और पांचवें में गणेशजी की प्रतिमा है। इन मंदिरों के सामने 32 स्तंभों का एक विशाल मंडप है। इस मंदिर के पश्चिम में 43 सीढ़ियां हैं। एक स्तंभ में मंदिर का प्रारूप भी उत्कीर्ण किया गया है। यह मंदिर 12वीं शताब्दी में भूकंप आने से ध्वस्त हो गया था। मंदिर के दो परकोटे हैं। भीतरी परकोटा पर ईंटों से तथा बाहरी प्रस्तर से बना है। भीतरी परकोटा में यात्रियों के रुकने की भी व्यवस्था की गई थी। इन दोनों परकोटों के बीच में सभा मंडप भी है तथा मंदिर के दक्षिण पश्चिम में एक तांत्रिक मंदिर भी है। इनमें तीन गर्भ गृह श्वेत हैं तथा यहां ब्रह्मा, विष्णु और महेश की प्रतिमाएं हैं। शिवलिंग श्वेत हैं तथा उसका योनि पीठ सोलह कोणीय है। इन सभी मंदिरों का निर्माण बालार्जुन ने सातवीं शताब्दी में कराया था। इस मंदिर के तोरण के पास से होकर 30 फुट चौड़ी सड़क है जो शहर के मध्य से होती हुई महानदी के तट तक जाती है। इस सड़क के दोनों ओर पूजा अर्चना की सामग्रियों की छोटी छोटी दुकानें भी हैं। पुरातत्वविदों का कहना है कि सड़क के अवशेष ईसा पूर्व दूसरी तीसरी शताब्दी के हैं जो इस बात के प्रतीक हैं कि यह नगर प्राचीन काल से ही समृद्ध और व्यापार का बहुत बड़ा केंद्र रहा है। यहां खुदाई में महानदी के तट पर एक बंदरगाह भी मिला है जो इस बात का साक्ष्य है कि उस समय जल मार्ग से उड़ीसा तक तथा उसके बाद समुद्री जहाजों से विदेशों से भी व्यापार होता था।

लोक साहित्य

सरला शर्मा

## नई दिखे छत्तीसगढ़ी में चम्पू काव्य

जन जीवन संग जुरे कथा कहानी वाचिक परम्परा अनुसार मंचस्थ होवत आवत जइसे लोरिक चंदा भरथरी आय। इन सब में प्रस्तुत करइया गद्य अऊ पद्य दूनो के उपयोग कथा क्रम ल आघु बढ़ाय बर करथे। तभो ए तरह के मंचीय प्रस्तुति ल निमगा चम्पू काव्य नी कहे जा सके। सवाल उठथे कि आज के दिन में छत्तीसगढ़ी गद्य विधा में महाकाव्य, खंडकाव्य, चम्पू काव्य के संख्या बढ़त काबर नई हे? दूसर बात ये कि आजकल तो पढ़े लिखे मन के गिनती बढ़त जात हे, तभो माने बर तो परही के मनखे के जिनगी मशीन होगे हे। अतेक बड़े रचना मन ल पढ़े बर बेरा, सुजोग के कमी तो होगे हे। साहित्य के भंडार भरे बर महाकाव्य, खंडकाव्य, चम्पू काव्य के रचना जरूरी हे। सबले जरूरी बात के अब बेरा बदल गे हे, जेकर महत्ता दिखत हे। साहित्यकार के संख्या में बढ़ोतरी



के रूप में एकर फायदा अउ जादा मिले के उम्मीद चम्पू काव्य रचना में देखे बर मिल सकत हे। बड़ गरब गुमान के बात आय के आजकाल चम्पू काव्य पढ़े बर मिलबेच करही।

छत्तीसगढ़ी पद्य साहित्य में आज लिखे महाकाव्य, खंडकाव्य अउ चम्पू काव्य म वर्तमान ह जगा पाही। आज के सामाजिक जीवन, शिक्षा, धर्म, राजनीति, विज्ञान, संस्कृति हर जगर, मगर करत इतिहास के नवा अध्याय बनही, कहे जा सकत हे के भविष्य के थाती लिखाही।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

गांव की कहानी

स्वराज करुण

# केंवटिन देऊल : महानदी घाटी की सभ्यता का साक्षी

महानदी घाटी की सभ्यता अपने अनेक प्राचीन मंदिरों , पुरातात्विक स्मारकों और पुरावशेषों के लिए देश और दुनिया में प्रसिद्ध है। इस नदी घाटी सभ्यता का विस्तार छत्तीसगढ़ के सिहावा पर्वतीय अंचल से ओड़िशा में जगन्नाथपुरी के पास बंगाल की खाड़ी तक है। इनके अलावा महानदी के आस -पास कई ऐसे भी प्राचीन मंदिर और पुरातात्विक स्मारक हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर अधिक चर्चित नहीं हैं।

इन्हीं में छत्तीसगढ़ के ग्राम पंचधार और पुजेरी पाली (पुजारी पाली ) के बीच स्थित छठवीं -सातवीं शताब्दी का शिव मंदिर भी शामिल है ,जो केंवटिन देऊल के नाम से जाना जाता है।यह भी महानदी घाटी की सभ्यता का साक्षी है। इतिहासकार इसे छठवीं -सातवीं शताब्दी का गुप्तकालीन मंदिर मानते हैं। यहाँ स्वयंभू शिव विराजमान हैं। यह स्थान इतिहास में शशिपुर के नाम से भी प्रसिद्ध रहा है। पंचधार और पुजेरीपाली परस्पर लगे हुए गाँव हैं जो रायगढ़ जिले में बरमकेला विकासखंड के अंतर्गत सरिया कस्बे के पास स्थित हैं। पुजेरी पाली में एक प्राचीन विष्णु देवालय के भग्नावशेष भी हैं। यह देवालय भी छठवीं -सातवीं सदी का माना जाता है। केंवटिन देऊल (देवालय ) के बारे में इस अंचल में प्रचलित जनश्रुतियों के अनुसार जब दुनिया में छह महीने की रात हुआ करती थी, उस युग में स्वयं भगवान विश्वकर्मा ने इसका निर्माण किया था। एक जनश्रुति यह भी है कि भगवान विश्वकर्मा जब इसे बना रहे थे , तभी उस रात के अंतिम पहर में केंवटिन ढेंकी में धान कूटने लगी। चूंकि रात बीती नहीं थी और ढेंकी की आवाज से भगवान का ध्यान भंग हो गया तो उन्होंने इसके गुम्बद को अधूरा छोड़ दिया। आज से करीब तीस साल पहले तक यह



मंदिर अपने बेहतर रख -रखाव की बाट जोह रहा था। बाद के वर्षों में ग्रामीणों ने जन -सहयोग से इसका जीर्णोद्धार किया। ग्रामीणों ने कोशिश की है कि करीब 1300 या 1400 साल पहले लाल ईंटों से निर्मित यह मंदिर अपने मूल स्वरूप में दिखाई दे। इसीलिए इसका रंग -रोगन भी उसी के अनुरूप किया गया है। मंदिर में नियमित पूजा -पाठ के साथ मुहूर्त देखकर धार्मिक रीति -रिवाज के अनुसार सादगीपूर्ण ढंग से विवाह समारोह भी आयोजित किए जाते है।

इसके लिए मंदिर परिसर में एक विवाह मंडप भी बनवाया गया है। अभिमन्यु गिरि इस मंदिर के मुख्य पुजारी यह उनकी सातवीं पीढ़ी है।केंवटिन देऊल में हर साल महाशिवरात्रि का महापर्व भी उत्साह के साथ मनाया जाता है। पंचधार में केंवटिन देऊल के सामने एक विशाल पीपल के पीछे एक विशाल बरगद भी है। गर्मियों में बरगद की घनी छाया श्रद्धालुओं को शीतलता प्रदान करती है। मंदिर परिसर में एक ऐसा कुंआ है, जिसका पानी कभी नहीं सूखता। गर्मी के दिनों में भी यह कुंआ लबालब रहता है। केंवटिन देऊल के मुख्य पुजारी के अनुसार पंचधार और पुजेरी पाली की धरती में अनेक पुरातात्विक अवशेष आज भी बिखरे हुए हैं ,जिनके उचित सरंक्षण की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने पंचायत के सहयोग से यहां पर एक संग्रहालय बनवाया है ,जहां कई पुरावशेषों को व्यवस्थित ढंग से रखा गया है, उनमें से दो मूर्तियों की पूजा भी हो रही है। संग्रहालय और विष्णु देवालय के सामने भी कई टूटी -फूटी प्राचीन प्रतिमाएं चिन्ताजनक हालत में बिखरी पड़ी हैं।

# भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी...



**मुंबई।** अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है। यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम 'सैयारा' है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया।

# 'ग्राउंड जीरो' में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

## आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

नागेश्वरन ने चेतावनी दी कि एआई और प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभाव से शुरूआती स्तर की नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। उन्होंने कहा, अगर आप उन नौकरियों की संख्या पर गौर करें जिन्हें हमें सृजित करने की जरूरत है, तो यह सालाना करीब 8 मिलियन यानी 80 लाख नौकरियां हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआती स्तर की नौकरियों को खत्म करने में बड़ी भूमिका हो सकती है।

### निर्यात और आर्थिक वृद्धि की चुनौती

उन्होंने कहा कि भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता अब पहले जितनी आसान नहीं होगी। गुणवत्ता, अनुसंधान एवं विकास, और आंतरिक रूप से लॉजिस्टिक्स और अंतिम-मील कनेक्टिविटी पर अपना काम बढ़ाना होगा। नागेश्वरन ने बताया कि कोविड के बाद भारत ने पिछले तीन सालों में 8% से अधिक की औसत वृद्धि दर हासिल की है, लेकिन इसे बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास के मुताबिक, 2025 में भारत की वृद्धि दर 6.5% रहने की उम्मीद है।

### महाराष्ट्र में कार्रवाई

# ओला इलेक्ट्रिक के 75 शोरूम बंद, 192 ई-स्कूटर जब्त

एजेंसी ⏭ मुंबई



ओला इलेक्ट्रिक की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही। कभी ग्राहकों की शिकायतों के कारण तो कभी वाहनों की पंजीकरण संख्या में गड़बड़ी के कारण कंपनी चर्चाओं में बनी हुई है। अब इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता के शोरूम बंद होने की खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र में बिना ट्रेड सर्टिफिकेट के चल रहे लगभग 75 ओला इलेक्ट्रिक शोरूम बंद कर दिए गए हैं और 192 इलेक्ट्रिक स्कूटर जब्त किए गए हैं।

### निरीक्षण में मिली ये खामियां

आरटीओ ने महाराष्ट्र में लगभग 146 ओला इलेक्ट्रिक स्टोर का निरीक्षण किया है। इनमें से 121 डीलरशिप या एक्सपीरियंस सेंटर ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं मिले। इनमें से 75 स्टोर को अब तक बंद कर दिया है। राज्य में किसी वाहन वितरक के पास ट्रेड सर्टिफिकेट होना चाहिए, जिससे उनके माध्यम से बेचे जाने वाले वाहनों को पंजीकृत किया जा सके। इसी कारण फरवरी की बिक्री में विसंगति थी, जिसमें ओला के दावे 25,000 की तुलना में केवल 8,647 वाहन पंजीकृत थे।

**Govt. of Jharkhand**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**Road Divison , Seraikella-Kharsawan**
**e-Procurement Notice**
**Tender Reference No. RCD/SERAIKELLA/01 Date :- 21.04.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality work of Kandr Khunti Icharagh From Km 21.10 to Km 30.00 Road (Total Length 8.90 Km) for the Year 2025-26 |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.6,88,34,583.58 (RupeesSixCroreEighty EightlakhThirty Fourthousand FiveHundred Eighty Threeand PaiseFifty Eightonly) |
| 3. | Cost of BoQ (Rs.) | Rs. 10,000.00 (Rupees Ten Thousand Only) |
| 4. | Earnest Money (Rs.) | Rs. 689,000.00 (Rupees Six LakhEighty NineThousand Only) |
| 5. | Time of Completion | 04 (Four) Months |
| 6. | Last Date /Time for receipt of bids | 20.05.2025(12.00Noon) |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 30.04.2025 (10.30 AM) |
| 8. | Name & Address of office Inviting tender | Ashok Kumar Rajak O/o Executive Engineer , Road Construction Department Road Division , Seraikella-Kharsawan |
| 9. | Contact no. of Procurement Officer | 9199867872 |
| 10. | Helpline number of e-Procurement cell | 06512401010 |

Estimated and Earnest Money can be increase or decrease
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
RCD , Road Division
Seraikella-harsawan

PR 350773 Road(25-26)D

### तंबाकू किसानों का लाइसेंस तीन साल के लिए वैध होगा



**नई दिल्ली।** तंबाकू उत्पादकों को बड़ी राहत देते हुए सरकार ने मंगलवार को कहा कि तंबाकू किसानों का पंजीकरण प्रमाणपत्र या लाइसेंस अब एक साल के बजाय तीन साल के लिए वैध होगा। लाइसेंस अवधि को एक से तीन साल तक बढ़ाने से देश के लगभग 83,500 किसानों को आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा जैसे राज्यों में अपने पंजीकरण के नवीकरण में मदद मिलेगी। अधिनियम के अनुसार, वर्जीनिया तंबाकू की खेती करने के इच्छुक प्रत्येक उत्पादक को उत्पादक के रूप में पंजीकरण का प्रमाण पत्र और खलिहान के संचालन के लिए लाइसेंस प्राप्त करना होता है।

## बिजनेस साइट

### अक्षय तृतीया पर सहेली ज्वेलर्स का खास तोहफा सिर्फ 10% देकर बुक करें अपने पसंदीदा गहने



**रायपुर।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर सहेली ज्वेलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए एक शानदार ऑफर की घोषणा की है। रायपुर के सदर बाजार और दुर्ग के श्री शिवम मॉल स्थित शोरूम में अब ग्राहक सिर्फ 10% राशि देकर अपने मनपसंद सोने या हीरे के गहने बुक कर सकते हैं। सबसे बड़ी बात - भविष्य में सोने के भाव चाहे जितने भी बढ़ें, गहने बुक की गई राशि पर ही मिलेंगे। इस विशेष ऑफर के अंतर्गत डायमंड और पोल्की ज्वेलरी पर 10% तक की अतिरिक्त छूट दी जा रही है। साथ ही पुराने गहनों की खरीद पर 101% तक की वापसी का लाभ भी ग्राहकों को मिलेगा। सहेली ज्वेलर्स के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में सोने की कीमतों में 23,000 रु से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। ऐसे में यह अवसर ग्राहकों के लिए न केवल शुभ, बल्कि आर्थिक रूप से भी फायदेमंद साबित हो सकता है। अपने 1 लाख से ज्यादा संतुष्ट ग्राहकों और 100% हॉलमार्क शुद्धता की गारंटी के साथ सहेली ज्वेलर्स भरोसे का नाम बन चुका है। ग्राहक सुविधा को ध्यान में रखते हुए दोनों शोरूम रविवार को भी खुले रहेंगे।

### शेयर बाजार में बढ़त हुई दर्ज 187 अंक चढ़कर बंद हुआ सेंसेक्स

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश का शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन 22 अप्रैल मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। इस दौरान प्रमुख भारतीय इक्विटी सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही हरे निशान पर रहे। बंबई स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सेंसेक्स 187.09 अंक यानि कि 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,595.59 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी भी 41.70 अंक यानि कि 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,167.25 के स्तर पर बंद हुआ।



**सोना-चांदी की कीमतें छू रहीं आसमान:** भारतीय सर्राफा बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में आज भी बढ़त देखने को मिली है। आज 24 कैरेट सोना महंगा होकर पहली बार लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया और चांदी 95,900 रुपये प्रति किलो बिक रही है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.)**

क्र. 72/न.पा./ लो.नि.वि./ 2025-26 मुंगेली, दिनांक 22/04/2025

**प्रथम/ द्वितीय ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु. व्यय राशि (लाख में) | अमानत राशि | कार्य अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 167305 | वार्ड क्र. 21 खर्रीपारा में शौचालय सहित शेड निर्माण कार्य | 21.10 | 15800.00 | 4 माह | सक्षम श्रेणी |
| 167193 | विवेकानन्द जी की मूर्ति का सौंदर्यीकरण कार्य (बुधवारी बाजार) | 24.91 | 15683.00 | 4 माह | सक्षम श्रेणी |

टीप:- 1. निविदा प्रपत्र नगरीय प्रशासन विभाग के वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है। 2. निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालय नगर पालिका मुंगेली से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

**झारखण्ड सरकार**
**खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय**
**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग)**
**गेट नं० – 28, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, राँची – 834008**
**E-mail Id - directorsportsjharkhand@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा "Rate Contract For Supply Of Sports & Generic Kits" के निमित्त आमंत्रित निविदा (10/2024–25 दिनांक 07.02.2025) विज्ञापन संख्या – PR No. 346900 (Art, Culture, Sports & Youth Affairs) Dt. 22-02-2025 को पर्याप्त संख्या में तकनीकी रूप से योग्य निविदादाता नहीं पाये जाने के कारण निरस्त किया जाता है।

ह०/–निदेशक,
खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय,
झारखण्ड, राँची

PR 350847 (Art Culture Sports and Youth Affairs)25-26*D

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT
(CO-OPERATIVE DIVISION)
OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI)

**Tender Cancellation Notice**

PR Ref No :- 347104 Co-operative (2024-25)D

NIT No :- ICDP/RANCHI/15/2024-25

**Name of the work :-** Construction of 100 MT Capacity Godown With Marketing Centre in Different Lamps/ Pacs Of District East Sinbhum (Jamshedpur), Palamu, Ramgarh & Koderma, godda, Giridih & Bokaro.

the tender is hereby cancelled due to some unavoidable reasons.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR 350820 (Co-opretive) 25-26 (D)

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

सुविधाएं:
मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें
एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें
मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दाश
M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे
MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुविधाएं:
पी.एफ.टी.
ब्रांकोस्कोपी
स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

मनोरोग
नशा उन्मूलन
एवं यौन रोग
विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज




# कोहली 13, बटलर 11 और गेल-राहुल 10 बार चूके शतक से, 90+ रन पर हुए आउट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते शनिवार को इंडियन प्रीमियर 2025 के 35वें मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराया। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जीत के लिए मिले 204 रन के लक्ष्य को जीटी ने जोस बटलर की नाबाद 97 रन की पारी की मदद से हासिल किया। इस बीच आईपीएल के इतिहास में 10 या उससे अधिक 90+ रन के स्कोर बनाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### जोस बटलर (11)

बटलर ने 11 पारियों में 90+ रन के स्कोर बनाए हैं, जिसमें 7 शतक शामिल हैं। उन्होंने अब तक के करियर में 114 मैचों में 39.36 की औसत और 148.74 की स्ट्राइक रेट के साथ 3,897 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 22 अर्धशतक भी लगाए हैं। बटलर का आईपीएल में सर्वोच्च स्कोर 124 रन है। वह जीटी से पहले मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स की टीमों से खेल चुके हैं।

## इन बल्लेबाजों ने भी 10 या अधिक बार बनाए हैं 90 से ज्यादा रन



### विराट कोहली (13)

विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोहली ने 13 पारियों में 90+ रन के स्कोर किए हैं। वह इस लीग में निरंतर रन बनाते हैं। वह अब तक 260 मैचों की 251 पारियों में 38.92 की औसत और 132.23 की स्ट्राइक रेट के साथ 8,253 रन बना चुके हैं। उन्होंने 113* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 8 शतक और 58 अर्धशतक लगाए हैं।

### केएल राहुल (10)

केएल राहुल आईपीएल में 10 पारियों में 90+ स्कोर कर चुके हैं। राहुल ने अब तक 138 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान 45.82 की औसत और 135.70 की स्ट्राइक रेट से 4,949 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 132* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 शतक और 39 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 134* रन रहा है। वह आईपीएल 2025 में दिल्ली की टीम से खेल रहे हैं।



### क्रिस गेल (10)

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज क्रिस गेल अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए दुनियाभर में जाने जाते थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा विश्व भर की तमाम टी-20 लीग्स में भी गेल ने हिस्सा लिया था। आईपीएल में उन्होंने 2009 से 2021 तक 142 मैचों में 4,965 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 175* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 6 शतक और 31 अर्धशतक लगाए थे। उन्होंने 10 पारियों में 90+ रन के स्कोर किए थे।

### डेविड वार्नर (10)

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वार्नर भी आईपीएल में 10 पारियों में 90+ स्कोर कर चुके हैं। वार्नर ने 2009 से लेकर 2024 तक आईपीएल में कुल 184 मैच खेले, जिसमें 40.52 की औसत और 139.77 की स्ट्राइक रेट के साथ 6,565 रन बनाए थे।

खास खबर

## पूरन के छक्के से फूटा फैन का सिर बल्लेबाज ने साइन कर जर्सी की भेंट



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन ने अपने एक नेक काम से फैंस का दिल जीत लिया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में पूरन के एक तूफानी छक्के ने स्टैंड्स में बैठे एक फैन के सिर पर चोट पहुंचा दी थी। इसके बावजूद पूरन ने जो किया, उसने हर किसी को उनका मुरीद बना दिया। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले पूरन ने उस फैन से मुलाकात की और उनका हाल-चाल पूछा।

**छक्के से लगी थी फैन को चोट**

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में निकोलस पूरन ने 34 गेंदों में 61 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी, जिसमें 7 छक्के शामिल थे, लेकिन उनकी पारी का एक छक्का स्टैंड्स में बैठे एक फैन के सिर पर जा लगा। चोट गंभीर थी और फैन के सिर पर पट्टी बांधनी पड़ी। फिर भी उस फैन का जज्बा कम नहीं हुआ और वह मैच देखने के लिए स्टेडियम में ही रुका रहा। लखनऊ सुपर जायंट्स ने उस मैच में जीत हासिल की, जिससे फैन की खुशी दोगुनी हो गई।

### पूरन का दिल छू लेने वाला कदम

मैच के बाद एलएसजी ने वीडियो शेयर किया, जिसमें पूरन ने फैन से पूछा, सब ठीक है? फैन ने उत्साह से जवाब दिया, बढ़िया! पूरन सर ने मुझे बुलवाया। मैं आया, उनसे मिला। उन्होंने पूछा, सब ठीक है? मैं कल फिर मैच देखने आ रहा हूं। चाहे छक्का लगे, सिर फूटे, कोई दिक्कत नहीं। बस हमारी लखनऊ की टीम जीतती रहे। उस दिन हमारी टीम जीती, मुझे बहुत खुशी हुई। हमारी टीम ट्रॉफी का सपना पूरा करे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 3 | 10 |
| मुंबई | 8 | 4 | 4 | 8 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

## आईपीएल : मार्करम ने लगाया सीजन का चौथा अर्धशतक

# दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ को हराते हुए दर्ज की छठी जीत, पोरेल-राहुल ने ठोके अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 40वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 8 विकेट से हराते हुए अपनी छठी जीत दर्ज की। इकाना स्टेडियम में हुए मैच में लखनऊ ने पहले खेलते हुए 159/6 का स्कोर बनाया। जवाब में दिल्ली कैपिटल की टीम ने 17.5 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। यह मौजूदा सीजन में एलएसजी की चौथी हार है।

### इस तरह से रहा रोचक मुकाबला

एलएसजी के एडेन मार्करम (52) और मिचेल मार्श (45) ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। हालांकि, दोनों सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद एलएसजी के बल्लेबाजों ने निराश किया। वहीं, मध्यक्रम में आयुष बडोनी ने 36 रन की पारी खेलते हुए टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचाया। दिल्ली कैपिटल से मुकेश कुमार ने 4 विकेट लिए। जवाब में अभिषेक पोरेल (51) और केएल राहुल (57*) की पारियों की मदद से दिल्ली ने लक्ष्य हासिल किया।




### राहुल ने पूरे किए आईपीएल 5,000 रन

दिल्ली ने जब 36 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब राहुल क्रीज पर आए। उन्होंने मैच की परिस्थिति के हिसाब से बल्लेबाजी की। टिककर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 40 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह मौजूदा सीजन में तीसरा और उनके आईपीएल करियर का कुल 40वां अर्धशतक रहा। इस बीच उन्होंने आईपीएल में अपने 5,000 रन भी पूरे किए। उन्होंने पोरेल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी भी की।

### मुकेश ने की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

मुकेश ने अब्दुल समद के रूप में पहली सफलता हासिल की। इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपनी ही गेंद पर समद का कैच पकड़ा। इसके बाद उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी करने वाले मिचेल मार्श (45) को बोल्ड कर दिया। उन्होंने अपने चौथे और पारी के 20वें ओवर के दौरान आयुष बडोनी (36) और ऋषभ पंत (0) के विकेट चटकाए। उन्होंने अपने 4 ओवर में 33 रन दिए। मुकेश ने अपने 3 विकेट बोल्ड करते हुए हासिल किए।

### सनराइजर्स और मुंबई इंडियंस में भिड़ंत आज

**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 41वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना मुंबई इंडियंस से आज बुधवार 23 अप्रैल को हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में होगा। अंकतालिका में फिलहाल छठे पायदान पर मौजूद एमआई ने अब तक 4 मैच जीते हैं और इतने में ही हार झेली है, जबकि नौवें स्थान पर मौजूद एसआरएच ने सिर्फ 2 मुकाबले जीते हैं और 5 में हार का सामना किया है।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन मारक्रम का स्टब्स बो चमीरा | 52 | 33 | 2 | 3 |
| मिचेल मार्श बो मुकेश | 45 | 36 | 3 | 1 |
| निकोलस पूरन बो स्टार्क | 09 | 05 | 2 | 0 |
| अब्दुल समद का एवं बो मुकेश | 02 | 08 | 0 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 14 | 15 | 1 | 0 |
| आयुष बडोनी बो मुकेश | 36 | 21 | 6 | 0 |
| ऋषभ पंत बो मुकेश | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 01, कुल स्कोर: 20 ओवर में 159/6 रन
गेंदबाजी: अक्षर 4-0-29-0, स्टार्क 4-0-25-1, मुकेश 4-0-33-4, चमीरा 3-0-25-1, निगम 1-0-14-0, कुलदीप 4-0-33-0

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का मिलर बो मारक्रम | 51 | 36 | 5 | 1 |
| करूण नायर बो मारक्रम | 15 | 09 | 2 | 1 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 57 | 42 | 3 | 3 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 34 | 20 | 1 | 4 |

अतिरिक्त: 04, कुल योग: 17.5 ओवर में दो विकेट पर: 161 रन
गेंदबाजी: शारदुल 2-0-28-0, राठी 4-0-24-0, प्रिंस 2.5-0-23-0, मारक्रम 3-0-30-2, आवेश 3-0-19-0, बिश्नोई 3-0-36-0

## 100वें टूर-स्तरीय खिताब पाने मैड्रिड ओपन में खेलेंगे जोकोविच



**मैड्रिड।** पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच अपना 100वां टूर-स्तरीय खिताब हासिल करने की उम्मीद में तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलेंगे। जोकोविच को टूर्नामेंट में चौथी वरीयता दी गई है। उन्हें ड्रॉ के उसी आधे भाग में रखा गया है जिसमें स्थानीय खिलाड़ी और पिछले दो क्लेकोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले कार्लोस अल्कराज भी हैं। मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन 37 वर्षीय जोकोविच ने 2022 में सेमीफाइनल में अल्कराज से हारने के बाद इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। जोकोविच ने अपना 99वां खिताब पिछले अगस्त में पेरिस ओलंपिक में जीता था। इसके बाद उन्हें चार टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। इनमें पिछले महीने मियामी ओपन का फाइनल भी शामिल है।

### अभी तक ये खिलाड़ी जीते हैं 100वां खिताब

जोकोविच अगर यहां चैंपियन बनते हैं तो वह टूर स्तर पर 100 खिताब जीतने वाले दुनिया के तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। अभी तक जिमी कॉनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) ही यह कारनामा कर पाए हैं। जोकोविच ने 2011, 2016 और 2019 में यहां खिताब जीता था। उन्होंने 2016 के फाइनल में अपने कोच एंडी मरे को हराया था।

## खबर संक्षेप



### शिवम दुबे उभरते खिलाड़ियों के लिए देंगे 7 लाख रुपए

**चेन्नई।** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने युवाओं को प्रोत्साहित करने वाला कदम उठाते हुए मंगलवार को तमिलनाडु के 10 उभरते हुए खिलाड़ियों को 70-70 हजार रुपये देने का वादा किया। आईपीएल में सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले दुबे ने यहां तमिलनाडु खेल पत्रकार संघ के पुरस्कार और छात्रवृत्ति समारोह के दौरान यह दिल को छू लेने वाला फैसला लिया। दुबे को यह पुरस्कार टीएनएसजेए द्वारा दी जाने वाली 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति के अतिरिक्त दिया गया। दुबे ने समारोह के दौरान कहा, ''जब मैं टीम होटल से इस स्थान पर आ रहा था, तो टीएनसीए सचिव ने मुझे बताया कि यह कार्यक्रम यहां के कुछ युवाओं की मदद करने का एक प्रयास है। ऐसे में यह कदम सभी युवा एथलीटों का हौसला बढ़ायेगा।

### मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूंगी: कुजूर

**पर्थ।** जेएसडब्ल्यू सूरमा क्लब की तरफ से खेलते हुए हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर राष्ट्रीय महिला टीम में



जगह बनाने वाली युवा मिडफील्डर अजमीना कुजूर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में मौके का फायदा उठाने के लिए बेताब हैं। भारत को 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। इसके बाद उसे एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलने हैं।

### 25 से 27 तक एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** भारत 25 से 27 अप्रैल तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में दूसरी एशियाई



योगासन खेल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इस चैंपियनशिप का आयोजन योगासन भारत द्वारा खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 21 एशियाई देशों के कुल 170 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जबकि 40 तकनीकी अधिकारी और 30 टीम मैनेजर और कोच इसका हिस्सा होंगे।

नए खुलासे से मचा हड़कंप

## राजस्थान रॉयल्स की टीम फिक्सिंग में शामिल!



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में राजस्थान रॉयल्स की टीम एक बार फिर विवादों के घेरे में है. लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली हार के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के एक बड़े अधिकारी ने टीम पर मैच फिक्सिंग का गंभीर आरोप लगाया है। बता दें कि इससे पहले राजस्थान की टीम का इस साल प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। तो वहीं लखनऊ के खिलाफ एक आसान कैच छूटा था, जिसके बाद फैंस ने ये आरोप लगाया था कि राजस्थान की टीम ने मुकाबले को फिक्स कर लिया है।

### आखिरी ओवर में हार ने उठाए सवाल

आईपीएल के मैच नंबर 36 में राजस्थान रॉयल्स को 181 रनों का पीछा करना था। कप्तान संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम को आखिरी ओवर में सिर्फ 9 रनों की जरूरत थी, और उनके पास 6 विकेट बाकी थे लेकिन हैरानी की बात यह रही कि लखनऊ के गेंदबाज आवेश खान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को 2 रनों से जीत दिला दी।

### नीरज पवन ने आरोपों को बेबुनियाद बताया

बिहानी ने इसके साथ-साथ स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष नीरज के पवन पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एडहॉक कमेटी को नजरअंदाज किया जा रहा है और उन्हें इस बार मैच के लिए एक्रीडेशन कार्ड तक नहीं मिले हैं। इस पर नीरज ने अपनी प्रतिक्रिया दी है और बिहानी के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। नीरज ने स्पष्ट किया कि फिक्सिंग जैसी चीजों पर नजर रखना बीसीसीआई का काम है।

### घरेलू मैदान में ऐसी हार, संदिग्ध : जयदीप

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की विशेष समिति के संयोजक जयदीप बिहानी ने एक इंटरव्यू में कहा, हमारी टीम अपने घरेलू मैदान पर इतने कम रनों के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी, यह समझ से परे है। यह हार संदिग्ध लगती है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के पुराने विवादों का जिक्र करते हुए 2013 के स्पॉट फिक्सिंग कांड को भी याद किया, जिसमें टीम के कुछ खिलाड़ी दोषी पाए गए थे।

## अमन एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के अगले दौर में

**अम्मान।** भारतीय मुक्केबाज अमन सिवाच ने यहां एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के शुरुआती दौर में किर्गिस्तान के अबुबकिर दुशीव पर कड़े संघर्ष में जीत हासिल की। पुरुषों के अंडर-17 के 63 किग्रा वर्ग में सिवाच ने महाद्वीपीय टूर्नामेंट के



तीसरे दिन प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए दुशीव को 4-1 से हराया। पहले दो दिनों में पुरुषों की अंडर-15 और अंडर-17 दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करके जीत हासिल की और अब सिवाच ने भी ठोस जीत हासिल करके भारत की उम्मीदों को मजबूती दी है। पुरुषों के अंडर-17 के 70 किग्रा भार वर्ग में अंशुल खासा हालांकि कजाकिस्तान के कुआनीश उरुंबसार से 0-5 से हार गए।

# पेरू विश्व कप में तीसरे स्थान पर रहा भारत

### विश्व कप निशानेबाजी : भारतीय दल ने जीते दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| लीमा (पेरू)

भारत यहां संपन्न हुई आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पृथ्वीराज टोंडिमान और प्रगति दुबे की भारतीय जोड़ी ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक दौर में पहुंचने में असफल रही।

### चीन रहा शीर्ष तालिका में टॉप पर

सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत को अंतिम पदक दिलाया। इससे देश के पदकों की संख्या सात हो गई, जिसमें दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य शामिल हैं। अमेरिका ने भी सात पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया लेकिन अधिक स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह भारत से आगे दूसरे स्थान पर रहा। चीन चार स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा।



### सुरुचि इंदर ने जीते दो स्वर्ण पदक

भारत के लिए असाधारण प्रदर्शन करने वाली 18 वर्षीय सुरुचि इंदर सिंह थी, जिन्होंने देश के लिए दोनों स्वर्ण जीते। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने सौरभ चौधरी के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल का मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक भी हासिल किया। सोमवार को ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में टोंडिमान और दुबे 134 का संयुक्त स्कोर बनाकर आठवें स्थान पर रहे। लक्ष्य और नीरू की अन्य भारतीय जोड़ी 128 के कुल स्कोर के साथ 13वें स्थान पर रही। केवल शीर्ष चार टीमें ही पदक दौर में पहुंची।

## शानदार रहा है रविंद्र जडेजा का आईपीएल करियर

# एक टीम के लिए 2,000+ रन और 100+ विकेट लेने वाले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में विश्व के तमाम बड़े ऑलराउंडर शिरकत करते हैं। वह अपने प्रदर्शन से टीम को खिताब जिताने का प्रयास करते हैं। इस लीग के इतिहास में अब तक सिर्फ 2 ऐसे ऑलराउंडर हुए हैं, जिन्होंने एक फ्रेंचाइजी की ओर से खेलते हुए बल्लेबाजी में 2,000+ रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में 100+ विकेट लिए हैं।

### रविंद्र जडेजा (सीएसके के लिए)

रविंद्र जडेजा ने चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से 180 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 27.97 की औसत और 135.41 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,042 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 62* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 अर्धशतक लगाए हैं। दूसरी तरफ सीएसके से उन्होंने 167 पारियों में गेंदबाजी की है, जिसमें 28.21 की औसत और 7.60 की इकॉनमी रेट के साथ 138 विकेट चटकाए हैं।





### शानदार रहा है जडेजा का आईपीएल करियर

जडेजा **IPL** में 248 मैच की 192 पारियों में 27.46 की औसत और 129.60 की स्ट्राइक रेट से 3,104 रन बना चुके हैं। इसमें 4 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 62 रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 219 पारियों में 30.48 की औसत से 165 विकेट चटका लिए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/16 विकेट का रहा है। वह आईपीएल में कुल 4 टीमों से खेल चुके हैं।

### आंद्रे रसेल (केकेआर के लिए)

वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल आईपीएल 2014 से कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से खेल रहे हैं। उन्होंने इस टीम से 127 मैच खेले हैं, जिसमें 28.60 की औसत और 174.34 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,460 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 88* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 11 अर्धशतक लगाए हैं। गेंदबाजी में उन्होंने 21.05 की औसत और 9.40 की इकॉनमी रेट के साथ 119 विकेट लिए हैं।

### ऐसा है रसेल का आईपीएल करियर

रसेल आईपीएल 2012 और 2013 में दिल्ली कैपिटल्स से खेल चुके हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 110 पारियों में 27.97 की औसत और 173.53 की स्ट्राइक रेट से 2,518 रन बना चुके हैं। इसमें 11 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88* रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 115 पारियों में 22.78 की औसत और 9.44 की इकॉनमी रेट से 120 विकेट चटकाए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### टाइगर श्रॉफ की हत्या की झूठी साजिश, आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई।** अभिनेता टाइगर श्रॉफ को जान से मारने की कथित साजिश के संबंध में झूठी सूचना देने के आरोप में पंजाब के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। खार थाने के अधिकारी के मुताबिक, आरोपी की पहचान मनीष कुमार सुजिंदर सिंह के रूप में हुई है जिसने झूठा दावा किया था कि कुछ लोगों को टाइगर श्रॉफ की हत्या करने के लिए दो लाख रुपये की सुपारी और हथियार दिए गए हैं।

### दो वाहनों के बीच कार के दब जाने से युवक की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मंगलवार को तड़के दो भारी वाहनों के बीच कार के दब जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह दुर्घटना सुबह करीब चार बजकर 30 मिनट पर मुंब्रा बाईपास रोड पर हुई। उन्होंने बताया कि एक ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार आगे चल रहे एक अन्य भारी वाहन से जा टकराई और दोनों वाहनों के बीच फंस गई। नवी मुंबई निवासी विष्णु पाल (27) क्षतिग्रस्त कार के अंदर फंस गए थे और दो घंटे के बचाव प्रयास के बाद उन्हें बाहर निकाला गया।

### दो पुलिसकर्मी 25 हजार रिश्वत लेते पकड़े गए




**पणजी।** गोवा के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक पुलिस थाने के अंदर कथित तौर पर 25,000 रुपये बतौर रिश्वत लेने के आरोप में एक इंस्पेक्टर और एक कांस्टेबल को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि एसीबी ने सोमवार की रात मडगांव के कोंकण रेलवे पुलिस थाने के अंदर दोनों को रंगे हाथों पकड़ा।

### ट्रक, स्कूटर की टक्कर में तीन की मौत

**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिले में मंगलवार को ट्रक, स्कूटर और एक अन्य वाहन की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। नारायावली के थाना प्रभारी कपिल लक्षकार ने बताया कि यह दुर्घटना नारायावली थाना क्षेत्र के जेराई गांव में सागर-खुरई रोड पर पुल के पास हुई। उन्होंने बताया कि जिन तीन लोगों की इस हादसे में जान गयी है उनमें एक स्कूटर पर जबकि दो अन्य तीसरे वाहन पर सवार थे। लक्षकार ने बताया, ''दुर्घटना में स्कूटर और (तीसरा) वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।'' उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### ईएमयू ट्रेन का डिब्बा पटरी से उतरा



**चेन्नई।** चेन्नई में मंगलवार को एक 'इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट' (ईएमयू) ट्रेन की एक बोगी पटरी से उतर गई, हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ और न ही यातायात प्रभावित हुआ। दक्षिण रेलवे ने यह जानकारी दी। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। रेलवे ने कहा, ''चेन्नई बीच उपनगरीय यार्ड से निकलते समय पूर्वाह्न 11 बजकर आठ मिनट पर अवाडी ईएमयू की एक बोगी (पीछे से चौथी) पटरी से उतर गई जिस समय ट्रेन की रफ्तार 15 किलोमीटर प्रति घंटा थी। किसी यात्री या कर्मचारी को कोई चोट नहीं आई।

### वकील पर लगाया पांच लाख रुपए जुर्माना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका में मांगी गई राहत की प्रकृति को लेकर नाराजगी जताते हुए मंगलवार को एक वकील पर याचिकाकर्ता के रूप में याचिका दायर करने के लिए 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और कहा कि उसने 'अदालत का माहौल खराब कर दिया'। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने वकील संदीप टोडी को चार सप्ताह के भीतर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के खातों में राशि जमा करने को कहा और यह पता लगाने के लिए छह सप्ताह बाद याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

# सऊदी अरब के आसमान में एफ-15 विमानों ने किया पीएम का 'ग्रैंड वेलकम'

**खाड़ी क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण देश के दो दिवसीय दौरे के तहत जेद्दा पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यूं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरों पर उनके भव्य स्वागत की तस्वीरें आम हैं। लेकिन मंगलवार को जो नजारा खाड़ी क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण देश के रूप से पहचाने जाने वाले सऊदी अरब के आसमान में देखने को मिला। उससे हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। जी हां, यह पूरा घटनाक्रम पीएम की सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा से जुड़ा हुआ है। जिसके तहत 22 अप्रैल को जैसे ही उनके विमान ने जेद्दा के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया तो उसी के साथ सऊदी अरब की वायुसेना के एफ-15 लड़ाकू विमानों ने एक विशेष सम्मान प्रदर्शित करते हुए न केवल पीएम के विमान की अगवानी की। बल्कि उसे सुरक्षा कवच (एस्कॉर्ट) भी प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर इसका एक वीडियो साझा कर यह जानकारी दी। जिसमें 'दोस्ती ऊंची उड़ान'! शीर्षक के साथ पोस्ट की और उसमें लिखा, प्रधानमंत्री की राजकीय यात्रा के विशेष सम्मान के रूप में उनके विमान को सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही रॉयल सऊदी एयरफोर्स द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा के तहत 22 अप्रैल को सऊदी अरब के शहर जेद्दा पहुंचे।

#### क्षेत्रीय शांति, स्थिरता के प्रति जताई प्रतिबद्धता

उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सऊदी अरब की यात्रा पर रवाना होने से पहले दिए बयान में दोनों देशों की क्षेत्रीय शांति, समृद्धि, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए साझा दिलचस्पी और प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत, सऊदी अरब के साथ अपने पुराने और ऐतिहासिक संबंधों को बहुत अधिक महत्व देता है। हाल के वर्षों में संबंधों ने रणनीतिक गहराई और गति हासिल की है। दोनों देशों ने एक साथ मिलकर रक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी और ठोस साझेदारी विकसित की है।



#### जेद्दा की पहली यात्रा

पीएम ने यह भी कहा कि बीते दस वर्षों में मेरी यह सऊदी अरब की तीसरी यात्रा होगी। लेकिन ऐतिहासिक जेद्दा शहर की यह पहली यात्रा है। मैं रणनीतिक साझेदारी परिषद की दूसरी बैठक में भाग लेने और 2023 में सऊदी अरब के प्रिंस और मेरे भाई मोहम्मद बिन सलमान की भारत यात्रा की तर्ज पर अपनी इस यात्रा को सफल बनाने के लिए उत्सुक हूं।

## काले हीरे की नगरी के अस्तित्व पर संकट

# कोयला खदानों में आग, चिरमिरी में जगह-जगह निकल रहा धुआं

*भारत सरकार के उपक्रम कोल इंडिया की चिरमिरी में वर्षों से खदान संचालित हो रही है। प्रकृति के विरुद्ध किए जा रहे खनिज संपदाओं के दोहन एवं नियमों की अनदेखी के कारण आज चिरमिरी के अस्तित्व को लेकर सवाल उठने लगे हैं। वर्तमान में चिरमिरी क्षेत्र के कोयला खदानों में जगह-जगह आग लगी हुई हैं, वहीं जमीन पर पड़ी बड़ी-बड़ी दरारों से निकलता धुआं लोगों को भयभीत कर रहा हैं। इसके बाद भी इस आग पर काबू पाने एसईसीएल प्रबंधन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

चिरमिरी क्षेत्र की खदानों का कोयला समाप्ति की ओर है, वहीं यहां चलने वाली ओपन कास्ट परियोजनाएं को वर्तमान में वन व पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार की अनुमति नहीं मिलने से योजनाएं लंबित पड़ी है। इन सभी को देखते लोगों में चिरमिरी के अस्तित्व को लेकर सवाल उठने लगा है। चिरमिरी क्षेत्र के बसाहट वाला अधिकांश क्षेत्र पोड़ी, कोरिया, गेल्हापानी, डोमनहिल, सोनावनी, गोदरीपारा, कुरासिया, बड़ी बाजार ,छोटी बाजार और बरतुंगा सभी क्षेत्र के नीचे कोयला उत्खनन हो चुका है या हो रहा है। परिणाम स्वरुप क्षेत्र के कई स्थानों पर जहरीले धुएं का रिसाव देखा जा रहा है। धुएं का रिसाव रोकने के नाम पर एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र प्रति वर्ष लाखों रूपए खर्च कर रहा है। विदित हो कि, विगत वर्षों में जहरीले धुएं के रिसाव के कारण पूर्व में बकरी चरवाहा समेत कई जानवर की मौत हो चुकी है। क्षेत्र के अधिकांश अंडर ग्राउंड खदानों में आग लगी हुई है, जिस कारण खदानों से उत्पादन तो बंद है, लेकिन वर्तमान समय में दर्जनों स्थान पर धरती को चीरकर धुएं को बाहर निकलते देखा जा सकता है।



#### बरसात में रहता है भूस्खलन का खतरा

चिरमिरी क्षेत्र की कोल खदान क्षेत्र में रहने वालों की सांसें बरसात के दिनों में थम जाती हैं, क्योंकि इस समय भूस्खलन के मामले आते ही रहते हैं। विगत वर्षों में बरसात के दिनों में भूस्खलन हुआ, लेकिन इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई थी। अलबत्ता कुछ लोगों को मामूली चोटें जरूर आई थीं।

#### हादसों की जांच फाइलों तक सिमटी

बीते 6 मई 2010 को अंजनहिल खदान में हुए दर्दनाक हादसे में डिप्टी जीएम समेत 15 श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस हादसे की जांच के लिए केंद्र सरकार ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी कराई, लेकिन अभी तक हादसे के कारणों का खुलासा नहीं हो सका। वहीं इस हादसे में मारे गए श्रमिकों के परिवार आज भी उससे नहीं उबर पाए हैं। इस हादसे के कारणों का पता नहीं लग सका है, वहीं जांच के नाम पर कागजी कार्रवाई केवल फाइलों तक सिमट कर रह गई है, इसके अलावा अन्य कई हादसे एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के माइंस में हुए, लेकिन जांच के नाम पर कोई भी निष्कर्ष सामने नहीं आ सके हैं।

#### नीचे आग, ऊपर दौड़ती-भागती जिंदगी-

चिरमिरी कॉलरी क्षेत्र की स्थिति अजीबो-गरीब है, आज यहां कई जगहों पर जमीन के अंदर आग लगी है, जिससे लगातार धुआं निकल रहा है। वहीं दूसरी तरफ यहां के लोगों के लिए अब ये आम बात हो चुकी है। शायद इसी वजह चिरमिरी की घुमावदार सड़कों पर दौड़ने वाले लोगों पर इन बातों का कोई भी प्रभाव नहीं होता है। करीब 16 किलोमीटर के दायरे में बसी चिरमिरी में कई जगहों पर धुआं निरंतर निकल रहा है। क्षेत्र के जानकार इसे खतरनाक गैस बताते हैं। वहीं इसकी वजह से आसपास के पेड़ भी चपेट में आने लगे हैं। लोगों का कहना है कि कोल खदान क्षेत्र में पड़ी दरारों की वजह से आए दिन पशुओं की मौत होते जा रही है। वर्तमान में इस आग धुआं धीरे-धीरे अब रिहायशी इलाकों की ओर पहुंच रहा है।

## कोटा के दर्दनाक घटना

# नीट अभ्यर्थी ने छात्रावास के कमरे में लगाई फांसी

**कोटा।** कोटा में रहकर पढाई कर रहे बिहार के 18 वर्षीय एक 'नीट' अभ्यर्थी ने मंगलवार तड़के अपने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरे से बरामद कथित 'सुसाइड नोट' में छात्र ने लिखा है कि उसके इस कदम के पीछे न तो उसका परिवार और न ही 'नीट-यूजी की तैयारी कारण है। बिहार के छपरा का यह छात्र करीब एक साल से यहां एक कोचिंग संस्थान में नीट-यूजी की तैयारी कर रहा था और लैंडमार्क सिटी इलाके में एक छात्रावास में रह रहा था। भारद्वाज ने कहा कि यह आत्मघाती कदम उठाने से पहले इस छात्र ने अपनी बहन को व्हाट्सएप संदेश भेजा जिसके बाद उसने छात्रावास के 'केयरटेकर' को कॉल की और अपने भाई के कमरे को देखने को कहा।




#### सुसाइड नोट बरामद

पुलिस के अनुसार कमरे से 'सुसाइड नोट' बरामद हुआ है। उसमें छात्र ने लिखा है कि उसके इस फैसले के लिए न तो उसका परिवार और न ही नीट परीक्षा की तैयारी जिम्मेदार है। भारद्वाज ने बताया कि नोट में छात्र ने अपने इस आत्मघाती कदम की वजह नहीं बताई। उन्होंने बताया कि छात्र ने यह भी अनुरोध किया है कि उसका नाम, परिवार का विवरण या फोटो मीडिया के साथ साझा न किया जाए।

#### इस साल अब तक 11 वां मामला

शव को पोस्टमार्टम के लिए एमबीएस अस्पताल के शवगृह में रख दिया गया है, जो उसके परिवार के सदस्यों के यहां पहुंचने के बाद किया जाएगा। देश के कोचिंग हब कोटा में इस साल छात्र आत्महत्या का यह 11वां मामला है। पिछले साल यह संख्या 17 थी।

# सोशल मीडिया से दोस्ती फिर 3 महीने तक गैंगरेप

## महिला के साथ कथित अपहरण और गैंगरेप, पादरी समेत 13 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब के बटाला में एक 22 वर्षीय महिला के साथ कथित अपहरण और गैंगरेप के मामले में पुलिस ने एक 'पादरी' समेत 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 70 (गैंगरेप), 127(4) (गलत तरीके से बंधक बनाना) और 61(2) (आपराधिक साजिश) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों में 'पादरी' मंजीत सिंह के अलावा सावर मसीह, हैप्पी, काजल, राजिंदर सहित कुल 13 लोग शामिल हैं, जिनमें से दो की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पीड़िता ने बताया कि वह फतेहगढ़ चुरियां रोड के पास एक गांव में स्थित राइस मिल में काम करती थी।



#### कैसे सामने आया मामला

यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब मोहाली कोर्ट ने इसी महीने 1 अप्रैल को एक स्वघोषित पादरी बजिंदर सिंह को 2018 के रेप केस में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। वहीं, इस महीने की शुरुआत में ही एक अन्य कथित पादरी जशन गिल ने, जो दो साल से फरार था। उसने गुरदासपुर कोर्ट में सरेंडर किया।

#### जबरन धर्म परिवर्तन और दस्तावेज पर हस्ताक्षर

उसने आरोप लगाया कि बाद में वहां पहुंचे 'पादरी' मंजीत सिंह ने उसे एक लिक्विड पिलाया और कहा कि अब वह ईसाई धर्म में परिवर्तित हो चुकी है। इसके बाद उससे एक दस्तावेज पर जबरन हस्ताक्षर कराए गए जिसमें लिखा था कि वह आरोपियों में से एक के साथ लिव-इन में रह रही है। पीड़िता ने बताया कि बीते सप्ताह आरोपी कमरे का ताला लगाना भूल गए, जिसका फायदा उठाकर वह वहां से भाग निकली।

## पानी के लिए जद्दोजहद



नई दिल्ली। देश के कई इलाकों में गर्मी के कारण जलसंकट गहराने लगा है। नई दिल्ली में पानी के लिए लोगों को दूर-दूर तक जाना पड़ रहा है।

# सैन्य अस्पताल ने किया सोल्जरथॉन का आयोजन

**नई दिल्ली।** सेना के नई दिल्ली स्थित रिसर्च एंड रेफरल (आर एंड आर) अस्पताल ने मंगलवार को पहली सोल्जरथॉन (रन फॉर सोल्जर्स और रन विद सोल्जर्स) का आयोजन किया। जिसमें 5 हजार से अधिक धावकों ने एक साथ भाग लिया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह आयोजन सशस्त्र बलों के बहादुर नायकों के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। जिसमें पूर्व सैनिकों, जवानों, आम नागरिकों, छात्रों ने मिलकर भाग लिया। तीन श्रेणियों 10, 5 और 3 किलोमीटर में इस दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मिजोरम के राज्यपाल जनरल वी.के. सिंह (सेवानिवृत), नौसेनाध्यक्ष, उप सेनाध्यक्ष, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के डीजी, दिल्ली क्षेत्र के जीओसी व अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# ब्रिटेन के भारतीय मूल के सांसद नवेन्दु की लखनऊ में हुई शादी

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

ब्रिटिश लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता और 2019 से ब्रिटेन के 'स्टॉकपोर्ट' से लगातार दूसरी बार के सांसद भारतीय मूल के नवेन्दु मिश्रा (36) यहां मध्यप्रदेश की भोपाल निवासी गरिमा तिवारी के साथ परिणय सूत्र में बंध गये। यहां सनातन परंपरा के अनुरूप विवाह की सभी रस्में निभायी गयीं और अपनी जड़ों से नवेन्दु मिश्रा का गहरा जुड़ाव दिखा। हल्दी-मेहंदी से लेकर हर रस्म को उन्होंने शिद्दत से निभाया और सबसे खास बात यह कि हर मौके पर वह अपने बड़े-बुजुर्गों और मेहमानों का पैर छूकर आशीर्वाद लेते देखे गये। ब्रिटेन की स्टॉकपोर्ट सीट से दूसरी बार सांसद चुने गए नवेन्दु मिश्रा का जन्म 1989 में कानपुर में हुआ था और गोरखपुर उनका ननिहाल है। नवेन्दु मिश्रा महज चार साल की उम्र में अपने माता-पिता के साथ ब्रिटेन चले गए थे।



#### दुल्हन गरिमा देवरिया निवासी

नीलेन्द्र पांडेय के मुताबिक दुल्हन गरिमा के पिता हरेन्द्र तिवारी मूल रूप से देवरिया जिले के निवासी हैं लेकिन बागवानी विभाग में मध्यप्रदेश के भोपाल में कार्यरत थे और सेवानिवृत्त होने के बाद वहीं बस गये। नवेन्दु की शादी उनके माता-पिता ने तय की। नीलेन्द्र पांडेय के अनुसार गरिमा ने ग्लासगो विश्वविद्यालय स्कॉटलैंड से आपदा प्रबंधन में मास्टर की डिग्री हासिल की है। नवेन्दु मिश्रा ने अपने माता पिता की इच्छा और पसंद के अनुरूप विवाह किया।

#### चार साल की उम्र में चले गए थे ब्रिटेन

नीलेन्द्र पांडेय का कहना है कि नवेंदु मिश्रा महज चार साल की उम्र में अपने माता-पिता के साथ ब्रिटेन चले गए थे। नवेंदु लंदन से पढ़ाई पूरी करने के बाद लेबर पार्टी से राजनीति में आए और दिसंबर 2019 के चुनाव में स्टॉकपोर्ट सीट से पहली बार सांसद चुने गए। जुलाई 2024 में नवेन्दु मिश्रा दोबारा उसी सीट से सांसद निर्वाचित हुए। नीलेन्द्र पांडेय ने बताया कि नवेंदु स्टॉकपोर्ट में ट्रेड यूनियन के जरिए राजनीति में आए।

## एमसीएच आने वाली गर्भवती महिलाओं को मेकाहारा किया जा रहा रेफर

# अस्पताल या सांपलोक: 48 घंटे में 27 सांप निकले, चार दिन से डिलीवरी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

इन दिनों मातृ शिशु अस्पताल (एमसीएच) में सापों ने डेरा जमाया हुआ है। जिससे चार दिनों से यहां डिलीवरी सेवाओं को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। ऐसे में दूर-दराज से यहां आने वाली माताओं को डिलीवरी के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया जा रहा है। जिससे इस भीषण गर्मी में भाग दौड़ से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मेडिकल कॉलेज के आगे ओडिशा रोड में स्थित 100 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल के डिलीवरी वार्ड व ओटी सेक्शन में बीते 5 दिनों से सांप निकलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिससे यहां स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। डिलीवरी वार्ड व ऑपरशेन थियेटर में लगातार सांप निकलने से अस्पताल में डिलीवरी पूरी तरह से रोक दी गई है। इस बात से अंजान प्रसव पीड़ा से तड़पती गर्भवती माताएं जब एमसीएच पहुंच रही हैं तो उन्हें डिलीवरी बंद होने की जानकारी देकर मेकाहारा रेफर किया जा रहा है।



#### बनी रहती है समस्या

अस्पताल में अक्सर सांप निकलने की समस्या बनी रहती है। भवन निर्माण के समय ड्रेनेज सिस्टम को सही तरीके से नहीं बनाया गया है। जिसकी वजह से अस्पताल के पीछे के जंगल से सांप भीतर घुस जाते हैं। इस कारण दवा का छिड़काव कर उन्हें बाहर निकाला जा रहा है।

**डा. दिनेश पटेल,** सिविल सर्जन, केजीएच

#### सीएमएचओ ने किया अस्पताल का निरीक्षण

अस्पताल में सांपों के निकलने की घटना को लेकर सोमवार को एमसीएच के स्टाफ सिविल सर्जन दिनेश पटेल के पास अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को ही सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जगत अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, ड्रेनेज व्यवस्था और अन्य सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एमसीएच एक ड्रेनेज के उपर बना है। जिससे अक्सर बारिश या नमी के कारण यहां सांप निकल आते हैं।

### एनसीईआरटी पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा पाठ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को एनसीईआरटी को कक्षा एक से 12वीं कक्षा तक के पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा संबंधी ऑडियो-वीडियो पाठ सामग्री शामिल करने का निर्देश दिया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com